ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-319 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 मई 2025 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
27 न्यूनतम


Page-7

रात ढाई बजे मिली खबर

## आखिरकार शरीफ ने माना भारतीय सेना ने पाक के एयरबेस तबाह किए



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आखिरकार कबूल कर लिया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने कई एयरबेस को नुकसान पहुंचाया। इनमें नूर खान एयरबेस भी शामिल है। पाकिस्तान स्मारक पर आयोजित समारोह में शरीफ ने कहा कि भारतीय सेना का हमला शुरू होने के बाद सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे जगाया और मुझे हमलों के बारे में सूचित करने के लिए फोन किया। यह गंभीर चिंता का पल था। भारतीय सेना ने हमारे कई एयरबेस पर हमला किया और भारी नुकसान पहुंचाया। इधर, भारत के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि 9 और 10 मई की रात पाकिस्तान की तरफ से हुए हमले को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम आकाशतीर ने नाकाम किया था। यह पूरी तरह से स्वदेशी डिफेंस सिस्टम है। यह तीनों सेनाओं के पास मौजूद है।

## शराब घोटाला : पूर्व मंत्री कवासी लखमा पर छापा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले को लेकर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा



और उनके करीबियों के ठिकाने पर फिर छापा मारा कहै। आज शनिवार सुबह ईओडलब्यू की टीम ने रायपुर, जगदलपुर, सुकमा, तोंगपाल, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर सहित करीब 15 ठिकानों पर दबिश दी है।

## मणिपुर में म्यांमार संगठन सहित आठ उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में विभिन्न अभियानों में आठ उग्रवादियों को गिर तार किया, इनमें से एक मोरेह (भारत) और यांमार स्थित चिन कुकी राष्ट्रीय रक्षा बल (सीकेएनडीएफ) का कैडर शामिल है। इसकी पहचान चुराचांदपुर जिले के टोंगलाल वेंग के थोंगखोहोउ तोथांग के रूप में हुई, जो चुराचांदपुर जिले के चुराचांदपुर-पीएस के अंतर्गत तुइबोंग से है। वह सीकेएनडीएफ समूह के लिए सशस्त्र विद्रोह और सीमा पार हथियार और कैडर आंदोलन के लिए युवाओं की भर्ती में शामिल है। वह सीकेएनडीएफ के नाम पर जनता से जबरन वसूली करने में भी शामिल है। इसके अलावा, पुलिस ने इ फाल पूर्वी जिले के लमलाई-थाने क्षेत्र से दो उग्रवादियों और पोरोमपाट-थाने क्षेत्र से एक और उग्रवादी को गिर तार किया। मणिपुर पुलिस ने विभिन्न इलाकों से चार उग्रवादियों को गिर तार किया है। ये गिर तारियां सिंगजामेई, थौबल, बिष्णुपुर और इ फाल पश्चिमी जिलों से हुईं।

### सभी दलों के सांसदों की टीम बनी, कांग्रेस के थरूर एक टीम के लीडर बने

# नया ऑपरेशन : डिप्लोमैटिक स्ट्राइक के लिए अब केंद्र सरकार की नई टीम इंडिया!



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र सरकार ने पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आक्रामक राजनयिक अभियान शुरू करने का जो फैसला किया है, उसके लिये डिप्लोमैटिक स्ट्राइक का खाका लगभग वैसा ही है जैसा कांग्रेस की नरसिंहराव सरकार ने आजमाया था। ताजा पहल के तहत वैश्विक मंच पर भारत के पक्ष को मजबूती से रखने और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब किया जाएगा। नरसिम्हा राव सरकार ने यह कूटनीति यूएन में कश्मीर मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजयपेयी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेजकर अपनाई थी। जानकारी के मुताबिक केंद्र की मोदी सरकार सभी दलों के सांसदों के सात डेलिगेशन विदेश भेजेगी। हर टीम में 5-5 सांसद होंगे। इनमें से एक सांसद ग्रुप को लीड करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय ने आज टीम लीडर्स के नाम जारी किए। इसमें भाजपा से रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जदयू के संजय कुमार झा, डीएमके के कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी की सुप्रिया सुले और शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रीकांत एकनाथ शिंदे ग्रुप्स को लीड करेंगे। सांसदों का डेलिगेशन इस महीने के अंत में दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेंगे। वहां ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत का दृष्टिकोण बताएंगे। सांसदों की टीम बताएगी कि आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन क्यों और कैसे लिया।

हालांकि, सांसद सुप्रिया सुले ने बताया कि सांसदों की हर टीम में 5 सदस्य होंगे, जो लगभग 10 दिनों के दौरे पर 5 से 8 देशों में जाएंगे। डेलिगेशन के 23 या 24 मई को रवाना होने की संभावना है। सुले ने कहा, 'मोदी ने सांसदों की जो टीमें बनाई हैं, वह ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखेंगी। जब हमारे देश का सवाल होता है, तो हम सब एक साथ होते हैं, और हम दूसरे देशों में जाकर अपने देश का पक्ष रखते हैं।' खबरों के मुताबिक डेलिगेशन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी के नाम शामिल हैं। दूसरी पार्टियों से जिन सांसद के नाम पर विचार किया जा रहा है उनमें टीएमसी के सुदीप बन्योपाध्याय, बीजद के सस्मित पात्रा जॉन ब्रिटास और असदुद्दीन ओवैसी के नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि गत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। इसके बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी व करीब सौ आतंकियों को मार गिराया था। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने एक पोस्ट में लिखा, सबसे अहम पलों में भारत एकजुट खड़ा होता है. सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे और आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का हमारा साझा संदेश वहां ले जाएंगे. यह राजनीति से ऊपर और मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का शक्तिशाली प्रतीक है।

### कांग्रेस ने जो नाम नहीं दिया, वह टीम लीडर!

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने X पर बताया, 'शुक्रवार सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी व पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत का रुख समझाने के लिए विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों के नाम देने को कहा। कांग्रेस की तरफ से 4 नाम- आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार दिए गए हैं।' उल्लेखनीय है कि थरूर काफी दिनों अपनी पार्टी लाइन से अलग जाकर बयान दे रहे हैं। वे पिछले दिनों पीएम मोदी के साथ भी मंच पर दिखे थे। कहा जाता है कि कांग्रेस ने उन्हें समझाइश भी दी थी। आज कांग्रेस ने प्रकारांतर से साफ किया है कि पार्टी ने थरूर का नाम सरकार को नहीं दिया था।

## शाह-देवड़ा के काफिले में अजब बयान देकर कुलस्ते भी जुड़े

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और मंडला से भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी अजब बयान दे डाला है। उन्होंने आतंकियों को 'अपना' कहकर संबोधित किया व कहा -सेना ने पाकिस्तान के जो हमारे आतंकवादी हैं, उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। कुलस्ते ने यह बात डिंडौरी के अमरपुर में सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 'आपरेशन सिंदूर पर मोदी ने जवाब दिया, इस देश और समाज के लिए, उसकी पूरी क्षमता से, सेना की, हम उसकी बहुत सराहना करते हैं। इस प्रकार के



नागरिक या सेना के अधिकारी, हम सब के लिए गौरव का विषय है, भारत के लिए पाकिस्तान के जो हमारे आतंकवादी हैं, लोग हैं, उनको उन्होंने मुंह तोड़ जवाब दिया है। दुर्भाग्य से हमारे मंत्री ने कुछ बोला है, मैं उसे देखा नहीं हूं।' उधर विजय शाह के मामले में अब 19 मई को होने वाली सुनवाई पर निगाहें हैं। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर बेहद अमार्यादित भाषण देकर भाजपा को मुश्किल में डाल रखा है लेकिन चार पांच दिन गुजर जाने के बाद साफ लगने लगा है कि पार्टी उन पर सीधी कार्रवाई नहीं करना चाहती बल्कि कोर्ट के रुख की प्रतीक्षा कर रही है। शाह पर गंभीर धारओं में एफआईआर है और एक किस्म से वे भूमिगत हैं। सुप्रीम कोर्ट व हाइकोर्ट का रुख इस मामले में बेहद सख्त है।

**पटवारी बोले- रणनीति के तहत छवि बिगाड़ रहे :** कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कुलस्ते का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- कैबिनेट मंत्री विजय शाह और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और मंडला से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आतंकियों को 'अपना' कह दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, क्या भाजपा सोची-समझी रणनीति के तहत मेरे मध्य प्रदेश की छवि खराब कर रही है?

### देवड़ा इस तरह दे रहे हैं सफाई

**बयान :** डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो बयान जबलपुर में दिया, उसमें कहा- प्रधानमंत्रीजी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए, एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए।

**सफाई :** 'कांग्रेस मेरे बयान को बिल्कुल गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। मीडिया में मेरा बयान तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। मैंने ये कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है।'

### पीएम का वेलकम...



अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने घुटनों पर बैठकर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का अभिवादन चर्चा का विषय है। उन्होंने फ्रांस राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भी गर्मजोशी से गले लगाया। उन्होंने यूरोपीय नेताओं की मेजबानी अपने खास अंदाज में की, जिसे तेज बारिश भी फीका नहीं कर सकी।लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने वाले रामा ने अल्बानिया को यूरोपीय संघ में शामिल कराने की कोशिश चला रखी हैं। इसके लिये सम्मेलन में भाग लेने आए 40 से अधिक देशों के नेताओं का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया।

## एसआइए ने कश्मीर में संदिग्ध आतंकी ठिकानों पर छापेमारी की

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआइए) ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, ''मध्य और उत्तरी कश्मीर के जिलों में चल रही छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है।''



यह घटनाक्रम एसआइए द्वारा 11 मई को दक्षिण कश्मीर में लगभग 20 स्थानों, विशेष रूप से पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में किए गए हाल ही में किए गए छापों के बाद हुआ है। पहले की ये छापेमारी आतंकी साजिश मामले की एक उच्च-दांव जांच का हिस्सा थी।

## दो लोगों की हत्या के बाद चक्काजाम-आगजनी

**सिवनी, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के केवलारी में शुक्रवार की रात्रि में दो सगे भाइयों की धारदार हथियार से हत्या की घटना के बाद लोगों ने चक्काजाम कर आरोपियों की गिर तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने एक शराब दुकान में आग भी लगा दी। मामला बिगड़ता देख पुलिस प्रशासन ने केवलारी में तत्काल अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया। अब स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस आरोपियों को खोजने में जुटी है। हत्या का कारण भी पता लगाया जा रहा है।

मेट्रो एंकर

### अब मई के आखिरी दस दिन में गर्मी को 'स्पेश' मिलने के आसार

## तीनों सिस्टम ने जमाया डेरा, गर्मी को दूर खदेड़ा....

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में इस बार जमकर तपने वाला मई असरहीन होने लगा है। गर्मी अपनी रफ्तार पकडती है तो नए सिस्टम आ धमकते हैं और गर्मी की सारी लू उतार जाते हैं। जबकि नौतपा भी आने वाला है। मई का पूरा महीना अब तक इसी उलटफेर में गुजरा है और अभी भी अगले 4 दिन यानी बीस मई तक जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। हालांकि कुछ इलाकों में लू भी चल सकती है। आज शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 39 शहरों में आंधी और बारिश का अलर्ट है, जबकि 3 जिले- रीवा, मऊगंज और उमरिया में रातें गर्म रहेंगी।



शनिवार को जिन जिलों में बारिश होने और आंधी चलने का अलर्ट है, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, आदि हैं। वैज्ञानिको का मानना है कि प्रदेश में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक टर्फ की एक्टिविटी से यह हालात हैं। इस वजह से बारिश और आंधी चल रही है। बारिश के साथ गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। इससके लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, प्रदेश में मई के महीने में ही सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। पिछले 10 साल का ट्रेंड देखें तो कई शहरों में पारा 47-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। दिन में हीट वेव चलती हे तो रातें भी गर्म रहती हैं। लेकिन इस बार मौसम का मिजाज अलग चल रहा है। पहले पखवाड़े में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरने का दौर जारी रहा। अगले चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। संभव है कि मई के आखिरी आठ दस दिन जमकर गर्मी लौटे।

### तो इन जिलों में रहेगी भीषण गर्मी

मौसम विभाग की मानें तो मई महीने में ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगढ़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में पारा 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ मालवा-निमाड़ के कुछ शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, निवाड़ी के पृथ्वीपुर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। भोपाल में पारा 44 तक जा सकता है। जबकि इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारा इतना रह सकता है। बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ेगी। यहां पारा 46-47 डिग्री के बीच पहुंचने का अनुमान है।

## निकाय चुनाव : उद्धव के हाथ में राहुल की एक किताब से कई निहितार्थ

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की सुगबुगाहट के साथ ही राजनीति भी गरमाने लगी है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे से मातोश्री में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने उद्धव ठाकरे को राहुल गांधी की एक किताब भेंट की। बदले में उद्धव ठाकरे ने लोनार झील की तस्वीरों वाली एक किताब, शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे का एक कैरिकेचर और पंढरपुर वारी की तस्वीरों वाली एक किताब भेंट की।



सपकाल की उद्धव ठाकरे से ऐसे वक्त पर हुई है जब राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर चर्चा छिड़ी है कि क्या महायुति और एमवीए के घटक साथ रह चुनाव लड़ेंगे या फिर अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे।

### ग्राहक से मनमाने दाम व अतिरिक्त जीएसटी वसूली का मामला

# पानी की एक बोतल होटल को 8001 रू की पड़ी!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उपभोक्ता फोरम ने पानी की एक बोतल के मनमाने पैसे वसूलने के मामले में जुर्माने का फैसला सुनाया है। बताया जाता है कि करीब चार साल पहले एक युवक ने दोस्तों के साथ होशंगाबाद रोड स्थित मोती महल डीलक्स होटल में खाना खाने पहुंचा था। जहां पर खाने के बिल में पानी की बोतल पर एमआरपी से अधिक पैसे और अतिरिक्त जीएसटी वसूले गए। यह मामला उपभोक्ता फोरम पहुंचा। फोरम ने अब 4 साल बाद फैसला सुनाया और होटल को दोषी मानते हुए फोरम ने 8 हजार 1 रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। भोपाल निवासी ग्राहक ऐश्वर्य निगम ने मोती महल डीलक्स होटल में अपने दोस्तों के साथ भोजन किया था, और यहां पर खाने का बिल 796 रुपए का बना था। इसमें बिसलेरी की पानी की एक बोतल की कीमत 29 रुपए बताई गई। जबकि उस पर एमआरपी 20 रुपए लिखी थी। साथ ही होटल ने 1 रुपए अतिरिक्त जीएसटी भी वसूल लिया। ग्राहक ने जब इसकी शिकायत होटल मैनेजमेंट से की तो उनका विवाद हो गया। उनका कहना था कि उन्हें बोतल का पानी लेना पड़ेगा। वहीं पानी के लिए ग्लास तक उपलब्ध नहीं कराए गए। शिकायत पर कोई समाधान नहीं मिलने पर उपभोक्ता फोरम में केस दर्ज कराया था।

## पानी की बोतल पर जीएसटी वैध मगर....

जानकारी के मुताबिक इस मामले की सुनवाई के दौरान होटल ने अपना पक्ष रखा। कहा कि ग्राहक को मेन्यू कार्ड दिया गया था। जिसमें स्पष्ट रूप से कीमत और जीएसटी का जिक्र था। होटल में बैठने, एयर कंडीशनर, म्यूजिक जैसी अतिरिक्त सुविधाएं दी जाती हैं इसलिए रेस्टोरेंट में एमआरपी लागू नहीं होती है। होटल ने यह भी तर्क दिया कि पानी की बोतल पर जीएसटी लगाना जीएसटी कानून के तहत वैध है। सुनवाई भोपाल उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय ने की। उन्होंने अपने फैसले में लिखा कि एमआरपी में जीएसटी शामिल होता है, उस पर अलग से जीएसटी वसूलना अवैध है। सुप्रीम कोर्ट और उत्तरप्रदेश राज्य आयोग के निर्णयों के अनुसार, होटल मिनरल वाटर पर एमआरपी से अधिक राशि वसूल सकते हैं, लेकिन अतिरिक्त जीएसटी नहीं ले सकते हैं। होटल ने बिसलेरी की बोतल पर एक रुपए का अतिरिक्त जीएसटी लेकर अनुचित व्यापार व्यवहार किया है, जिसे सेवा में कमी पाया गया।



## दो महीने में देना होगा मुआवजा

अब इस मामले में वकील प्रतीक पवार का कहना है कि उपभोक्ता फोरम ने अपने फैसले में होटल को आदेश दिया कि वो 2 महीने के अंदर वसूले गए 1 रुपए जीएसटी के पैसे वापस करे। वहीं, 5 हजार रुपए मानसिक कष्ट और सेवा में कमी के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में दे। होटल को 3 हजार रुपए लीगल कॉस्ट के रूप में भी जमा कराने होंगे।

### 2028 में होना है राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, मप्र चाहता है मेजबानी के अवसर मिले

# राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार मप्र ने केंद्र व ओलंपिक संघ के सामने जताई इच्छा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वर्ष 2028 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मप्र कर सकता है। सरकार ने अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यहां तक कि केंद्र व भारतीय ओलंपिक संघ के सामने मेजबानी करने संबंधी इच्छा भी जता दी है। इसके लिए बकायदा एक प्रस्ताव भेज दिया है। मोहन सरकार ने तय किया है कि प्रदेश के अंदर अक्टूबर में होने वाली एशियन रोइंग चैम्पियनशिप से ही राष्ट्रीय खेलों के लिए मप्र की ब्रांडिंग शुरू कर दी जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसके निर्देश शुक्रवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कामों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में मंत्री विश्वास सारंग व मुख्य सचिव अनुराग जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे थे।

## वर्ष 2036 में वॉटर स्पोर्ट कराने की भी तैयारी

आगामी 14 से 19 अक्टूबर 2025 के दौरान एशियन रोईंग चैम्पियनशिप का आयोजन होना है, खानूगांव स्थित वॉटर स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में होगा। इसमें 22 से ज्यादा देशों के लगभग 450 खिलाड़ी, 100 टेक्निकल ऑफिशियल और 12 ज्यूरी मेम्बर सहित बड़ी संख्या में वॉटर स्पोर्ट में रूचि रखने वाले भोपाल आएंगे। इसके जरिए मप्र समेत भोपाल व यहां मौजूद बड़े तालाब ब्रांडिंग की जाएगी ताकि ओलम्पिक-2036 में वॉटर स्पोर्ट के आयोजन भोपाल शहर में हो सके। भोपाल इसलिए भी प्रबल दावेदार है, क्योंकि इसके पास बड़ा तालाब जैसी संरचना है। इससे वॉटर स्पोर्ट, मध्यप्रदेश टूरिज्म एवं स्थानीय व्यापार को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## खेल यूनिवर्सिटी खुलेगी, अंतर राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनेगा

सीएम ने कहा कि मलखम्भ एवं जिम्नास्टिक जैसे खेलों के विकास पर ध्यान दें और इन खेलों के विकास के लिए आवश्यकतानुसार अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय स्तर की अकादमी की स्थापना के प्रयास करें। प्रदेश में खेल यूनिवर्सिटी प्रारंभ करने की कोशिश हो। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि खेल यूनिवर्सिटी के लिए निजी निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। भोपाल के नाथू-बरखेड़ा में 985.76 करोड़ रुपए से 2 चरणों में अंतरराष्ट्रीय खेल कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा। पहले चरण में एथलेटिक, फुटबॉल व हॉकी के स्टेडियम तैयार किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में मल्टीपर्पस इण्डोर काम्पलेक्स, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, क्रॉस कन्ट्री रेस ट्रैक एवं अन्य आउटडोर फील्ड का निर्माण किया जाएगा। इसमें स्पोर्ट साईंस सेंटर की स्थापना होगी। तीसरे चरण में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा।

### भर्ती की करा रहे तैयारी

मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि युवाओं को पुलिस-आर्मी में भर्ती के लिए शारीरिक एवं लिखित परीक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए पार्थ योजना (पुलिस-आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग हाउस) शुरू की है। एमपी युवा पोर्टल एवं मध्यप्रदेश युवा प्रेरक योजना भी संचालित की जा रही है। विक्रम आवार्डी एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को शासकीय पदों पर नियुक्ति देने की योजना भी संचालित है। भोपाल में स्पोर्ट कोचिंग एवं अलाईड सब्जेक्ट के सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की तैयारी है। जिस पर सीएम ने देश के दूसरे राज्यों में इस संबंध में प्रावधानों का अध्ययन करने के निर्देश दिए।

# पंजीयन दफ्तर शनिवार को भी खोलने का विरोध, सामूहिक अवकाश पर जाने की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पंजीयन महानिरीक्षक के एक आदेश के नाराजगी इस कदर बढ रही है कि मप्र पंजीयन विभाग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी है। दरअसल, आईजी ने शनिवार की छुट्टी वाले दिन भी कुछ संभागों में सब रजिस्ट्रार दफ्तर खोलने का आदेश दिया है। इसके बाद कल शुक्रवार शाम को संघ के पदाधिकारियों ने आईजी को पत्र लिख कर सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दे डाली। इस मामले में संघ का कहना है कि संपदा 2.0 वर्जन लागू होने के बाद सर्वर का इश्यू हमेशा बना रहता है। सब रजिस्ट्रार्स को देर रात तक काम करना पड़ता है। ऐसे में वे अपने परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। इसलिए आईजी पंजीयन यह आदेश वापस लें अन्यथा सभी अधिकारी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह दंडोतिया और सदस्यों ने आईजी पंजीयन को लिखे पत्र में कहा कि जनसामान्य को रजिस्ट्री कार्य में अधिक सुविधा देने एवं राजस्व अर्जित करने के मद्देनजर प्रदेश के कुछ संभागीय मुख्यालयों के उप पंजीयक कार्यालय हर शनिवार को खोलने का निर्देश बिना किसी कारण के जारी किया गया है। शनिवार को कार्यालय खोले जाने संबंधी अचानक दिया गया निर्देश समझ से परे है। मार्च-2025 में अधिकारियों-कर्मचारियों ने राजस्व संग्रहण,गाइडलाइन और सम्पदा 2.0 पोर्टल लागू होने पर अवकाश के दिनों में भी काम किया है। ऐसे में यह निर्देश देना अनुचित है।

## विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जल संसाधन विभाग क अभियंता संघ, चंबल बेतवा कछार, ज के तत्वाधान में भारतरत्न स्वः सर मोक्षगुडम श्री विश्वेश्वरैया की



प्रतिमा का अनावरण विभागीय मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा किया गया। इस अनावरण पर प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग विनोद कुमार देवड़ा, आर. डी. अहिरवार, मुख्य अभियंता बी.एस. रावत बी.एल निनामा अधीक्षण यंत्री सहित विभागीय अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।मंत्री द्वारा इस अवसर पर प्रतिमा की स्थापना में संलग्न रहे, अभियंताओं का अभिनंदन किया गया।



### प्रशिक्षण दे रहीं नारी प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर की डायरेक्टर सरला सुनेजा

# 2100 साल पुरानी हुरमुचो सिंधी कढाई की 10 कार्यशाला शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत,भोपाल एवं सिंधी सेन्ट्रल पंचायत साख सहकारी समिति द्वारा हुरमुचो सिंधी कढाई कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, सिंधी कम्युनिटी हाल प्रभूनगर नानकटेकरी में आयोजित कार्यशाला में ग्वालियर के नारी प्रशिक्षण केन्द्र की डायरेक्टर सरला सुनेजा प्रशिक्षण दे रही हैं। बता दें यह प्रशिक्षण केंद्र 1975 में प्रारंभ हुआ था और अभी तक सुनेजा द्वारा लगभग 10 हजार प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सिंधी कढाई के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### फ्री ट्रेनिंग दी जा रही

कार्यशाला में सभी को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कढाई का फ्रेम व अन्य सभी सामान भी प्रशिक्षण केंद्र पर निःशुल्क प्रदाय किया जायेगा । सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी और सिंधी सेन्ट्रल पंचायत साख सहमारी समिति के अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों में उत्साह देखा जा रहा है, कार्यशाला का समापन 25 मई को होगा।



### सुनेजा के बारे में

एम.ए.( प्रिटिंग ) और एम.ए. ( सोशियोलाजी ) 73 वर्षीय सरला सुनेजा मध्यप्रदेश सरकार के अलावा कई नामी पुरस्कारों से पुरस्कृत हैं ।इस कशीदाकारी को उन्होंने अपना पूरा जीवन दे दिया है।पिछले 50 साल से वे इसी कला को प्रोत्साहित कर रही हैं । देश विदेश में उनके उत्पादों की अनेक प्रदर्शनियां लग चुकी हैं ।कशीदाकारी के सिद्घांत और डिजाइन पर इनकी किताबें भी प्रकाशित हो चुकी हैं ।

### क्या है हुरमुचो?

हरमुचो सिंधी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है कपडे पर धागों को गूंथकर सजाना ।इस कशीदाकारी में कपडे पर न तो कोई रेखांकन किया जाता है और न ही ट्रेसिंग होती है ।इसे एक टांके से बनाया जाता है जिसे हुरमुचो टांका कहते हैं ।डिजाइन की सबसे छोटी इकाई को भुगडो कहते हैं ।इसमें पारंपरिक बूटियों पेसडो, मशकरो, रूपयो, मुन्नीचक्की, चौचक्की को डिजाइन किया जाता है । सिंधी विवाह में दूल्हे के सिर पर इसी कढ़ाई से बनीं बोछणी रखी जाती है।

# स्टेशन की नई बिल्डिंग में कॉफी लाउंज जल्द, पार्टी भी हो सकेगी

**भोपाल।** राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर-1 की तरफ बनी नई बिल्डिंग में अब जल्द ही एग्जीक्यूटिव लाउंज शुरू करने की तैयारी हो रही है। यह इसी महीने के आखिर तक यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। लाउंज में बैठने के लिए एक घंटे का चार्ज 50 रुपए तय किया गया है। इसमें यात्रियों को एक छोटी पानी की बोतल के साथ चाय या कॉफी में से कोई एक पेय पदार्थ दिया जाएगा। लाउंज में एसी और नॉन-एसी दोनों तरह की बैठने की व्यवस्था रहेगी। इसकी कीमत की अंतिम घोषणा आईआरसीटीसी जल्द करेगा। खास बात यह है कि यहां 10 से 20 लोगों की छोटी मीटिंग्स या प्रोग्राम भी कराए जा सकेंगे। इसके लिए अलग से शुल्क लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक रेलवे प्रशासन पिछले तीन साल से एग्जीक्यूटिव लाउंज खोलने की तैयारी में जुटा था। दो साल में कई बार टेंडर की प्रक्रिया भी की गई, लेकिन तकनीकी कारणों से योजना आगे नहीं बढ़ पाई। इसके बाद 'बिल्ट एंड ऑपरेट मॉडल' पर काम शुरू किया गया, जिसके तहत अब यह लाउंज शुरू हो रहा है। अफसरों का कहना है कि लाउंज में एग्जीक्यूटिव क्वालिटी के सोफे लग चुके हैं और सिविल वर्क पूरा हो चुका है। फिलहाल फिनिशिंग वर्क चल रहा है, जो अंतिम चरण में है।

### साधु वासवानी स्कूल में चल रहा शिविर, कपड़ा संघ ने बांटे उपहार

# बाल अभिव्यक्ति शिविर में बच्चे निखार रहे कला व अपना व्यक्तित्व : इसरानी



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में चल रहे बाल अभिव्यक्ति शिविर में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 475 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं, जो अपनी रुचियों की गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का बुद्धिजीवी, समाजसेवी और राजनीतिक दलों से जुड़े लोग अवलोकन कर रहे हैं। शुक्रवार को शिविर में थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैया लाल इसरानी और अन्य पदाधिकारियों ने शिविर का अवलोकन किया। इसरानी ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार मिलें, इसलिए शिविर में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विद्यार्थियों को अपनी कला को भविष्य में आय का साधन बनाने और अपने शौक को पूरा करने का मौका मिल रहा है। अवलोकन करने वालों में संघ के मनोहर विधानी, मनोज जनयानी, नरेन्द्र लालवानी, वासुदेव वाधवानी, मंघाराम मेघवानी, नंदलाल पंजवानी, हीरा खुशालानी, अमित विनवानी, गोवर्धन रायसिंघानी शामिल थे। संघ की ओर से बच्चों को गिफ्ट भी दिए गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल एवं कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने शिविर में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, उन्नति और समय के सदुपयोग के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में उन्हें ऐसे शिविरों में अवश्य भाग लेना चाहिए। शिविर में आयोजित बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की कक्षा में छोटे-छोटे विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रचनात्मक वस्तुओं को विशिष्ठजनों ने सराहा।

### शिविर में गतिविधियां

योगा, खेलकूद और मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण, चित्रकला, मेहंदी, कंप्यूटर का प्रशिक्षण, कुकिंग ( लड़कों एवं लड़कियों के लिए अलग-अलग कक्षाओं में प्रशिक्षण। कैलीग्राफी, हस्तलेखन, संगीत, नृत्यकला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फ ब्यूटीशियन और अंग्रेजी स्पोकन की गतिविधियां।

**मेट्रो एंकर**

### ऑपरेशन सिंदूर पर संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज में विशेष कार्यक्रम, सिद्धभाऊजी बोले

# हर व्यक्ति में होना चाहिए देशभक्ति का जज्बा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

**शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने कहा कि हर व्यक्ति में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए। यदि व्यक्ति में साहस और आत्मविश्वास हो, तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकता है, और हमारे प्रधानमंत्री इसका एक सशक्त उदाहरण हैं।**

वह संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्नल नारायण पारवानी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर एक ऐसी लड़ाई थी, जो किसी भी देश या देशवासियों के विरुद्ध नहीं है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। ऑपरेशन सिंदूर भारत का दृढ़ संकल्प है, जो कह रहा है, भारत आतंकवाद को धरती से जड़ से मिटा कर रहेगा। कर्नल पारवानी ने सिंधु जल संधि को निरस्त करने को भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और इसे ऑपरेशन सिंदूर का ही एक हिस्सा माना। उन्होंने मनोवैज्ञानिक युद्ध की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कर्नल पारवानी ने सिलसिलेवार ढंग से ऑपरेशन सिंदूर की घटनाओं का वर्णन किया और बताया कि किस प्रकार सेना के अद्वितीय साहस, दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और उत्कृष्ट रणनीति के चलते यह ऑपरेशन सफल रहा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में आयोजित किए जाने चाहिए ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को ऐसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय घटनाक्रमों की पूरी जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा धर्म, आध्यात्म और विज्ञान से संबंधित 72 पुस्तकों के साथ एक बुक शेल्फ भी महाविद्यालय को दान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुए।



# दोनों मंत्रियों पर कांग्रेस हमलावर डिप्टी सीएम का जलाया पुतला

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

भाजपा मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर और फिर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के सेना वाले बयान पर कांग्रेस जमकर हमलावर है। कांग्रेस ने शुक्रवार को पूरे प्रदेश में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। दोनों मंत्रियों के पुतले जला दिए।

भोपाल में शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर सुबह नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। इसके बाद सिंघार, विधायक जयवर्धन सिंह, सचिन यादव, आरिफ मसूद समेत अन्य विधायकों और कार्यकर्ताओं ने काले कपड़ों में राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को जबरन उठाया, गिरफ्तार किया और वैन में बैठाकर दूर छोड़ दिया। रिहा होने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि तो सेना और एक अफसर महिला का अपमान किया गया है, फिर भी भाजपा शाह और देवड़ा को बचा रही है। फिर दोपहर तक डिप्टी सीएम जगदीश देवडा का बयान सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने पीसीसी के बाहर देवडा के खिलाफ प्रदर्शन किया।




मप्र के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा द्वारा सेना पर दिए गए अपमानजनक बयान के बाद मप्र कांग्रेस उग्र हो गई है। यही नहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेजगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया। इस दौरा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और विधायक आरिफ मसूद, कमलेश्वर पटेल व पीसी शर्मा भी इस मौके पर उपस्थित रहे फोटो निर्मल व्यास

**मंडियों की संख्या बढ़ेगी**

## नागदमन मकुटकी, सिताही कुटकी व बैंगनी अरहर को जीआई टैग मिलेगा

भोपाल। प्रदेश में नई कृषि उपज मंडियां बनेंगी। इसके लिए विभाग सर्वे कराएगा, इसमें जनप्रतिनिधियों की राय ली जाएगी। किसानों की सुविधाओं व क्षेत्रों में मौजूदा मंडियों की दूरियां को देखा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में एक वर्ष लगेगा। डिंडौरी में पैदा होने वाली नागदमन मकुटकी, सिताही कुटकी और बैंगनी अरहर को जीआई टैग दिलाया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में शुक्रवार को हुई किसान कल्याण एवं कृषि विभाग की बैठक में विभाग के सचिव एम सेलवेन्द्रम ने ये जानकारियां दी। बताया कि उक्त् फसलों को जीआइ टैग दिलाने के लिए प्रस्ताव भेज दिया है, परीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू करने के बाद प्रदेश में बीते एक अप्रैल 2025 से प्रदेश की सभी 259 मंडियों में ई-मंडी योजना भी लागू कर दी है। मंडियों में अब डिजिटल तरीके से रिकार्ड कीपिंग की जा रही है। उन्होंने 26, 27 एवं 28 मई को जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में कृषि आधारित उद्योगों का सम्मेलन सह विशाल कृषि मेला आयोजित करने की जानकारी दी। 8 से 10 जून तक सतना में कृषि मेले सह कृषक सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है।

### प्रदेश में बनेंगी नई मंडिया—

श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाने और सरकारी स्तर पर खरीदी के प्रयास और तेज होंगे। तुअर उत्पादक किसानों को अच्छे बीज, खाद और उत्पादन वृद्धि के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। मंडियों का विभागीय अधिकारियों से विजिट होगा। किसानों के हितों के लिए मंडियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। गर्मी में ली जाने वाली मूंग में खरपतवारनाशकों के उपयोग कम किया जाएगा।

**निटर भोपाल में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड और उद्योगों की हुई बैठक**

# जल्द ही सभी सैन्य उपकरणों के कंपोनेंट्स राजधानी में बनेंगे

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

**राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर), भोपाल में एक महत्वपूर्ण औद्योगिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), नासिक, बेंगलोर एवं लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मध्यप्रदेश के कई औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।**

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, इंडस्ट्रीज एवं निटर भोपाल के बीच आपसी समन्वय के आधार पर एक-दुसरे को सहयोग करना था। इस बैठक की अध्यक्षता निटर भोपाल के निदेशक डॉ. सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि निटर भोपाल सदैव से तकनीकी शिक्षा और उद्योगों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाता आया है। हम सभी ने हाल की स्थितियों में भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसत बनाने की दिशा में देश में बने हुए सैन्य उपकरणों की क्षमता को देखा है। जिस पर हम सभी भारतीय गौरवान्वित महसूस करते है। भोपाल में जल्द ही हम सभी सैन्य उपकरणों के कंपोनेंट्स बनते हुए देखेगे।




### स्वदेशी उपकरण बनाने के सभी संसाधन भारत में उपलब्ध

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड नासिक के डीजीएम, जावेद अली ने इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने उद्योगों में सैन्य उपकरणों के कंपोनेंट्स बना कर आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया में योगदान दे सकते है। आज हमारे पास स्वदेशी उपकरण बनाने के सभी संसाधन भारत में उपलब्ध है। हाल में हुए ÷ऑपरेशन सिन्दूर÷ में हमारे द्वारा बनाये गये उपकरणों ने अपना कमाल दिखाया है, हमे इस टीम का भाग होने पर गर्व है।

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने निटर भोपाल के उत्कृष्टता केंद्र की 11 उच्च तकनीकी प्रयोगशालों का भ्रमण भी किया। निटर भोपाल के डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पी.के पुरोहित ने इस बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सैन्य उपकरणों हेतु आवश्यक कंपोनेंट्स की आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं नए औद्योगिक उपकर्मों को तैयार करने के उद्देश्य से कंपोनेंट्स प्रदर्शित किये गये।

**श्रमिकों की संतानों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण**

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह संस्था विशेष रूप से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है।?आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टलपर 31 मई 2025 तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में संचालित दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन एवं सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट शामिल हैं। वहीं एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी एवं वेल्डर ट्रेड संचालित हैं।?वेल्डर ट्रेड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा आठवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। शेष सभी ट्रेडों के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह योजना पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए तकनीकी दक्षता का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इच्छुक छात्र समय पर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## स्कूल शिक्षा:स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदन की तिथि अब 21 मई

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण नीति के क्रियान्वयन की समय-सारणी जारी की है। विभाग ने समय-सारणी तालिका में आंशिक संशोधन किया है। स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की नियत सीमा 16 मई से बढ़ाकर अब 21 मई की गयी है। इसी के साथ ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी करने की तिथि 20 मई से बढ़ाकर 25 मई, 2025 नियत की गयी है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किये हैं।

**मंत्री राजपूत ने नरसिंहपुर की बैठक में दिए सख्त निर्देश**

# अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर ले तत्काल ऐक्शन, न बरतें कोई कोताही

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं नरसिंहपुर जिला प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों पर तत्काल एक्शन लें। खनिज, पुलिस और राजस्व विभाग का अमला संयुक्त रूप से कार्रवाई करे। खाद्य मंत्री राजपूत ने नरसिंहपुर में जिला योजना समिति की बैठक में यह निर्देश दिए।

राजपूत ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जिले में हो रहे कार्यों से अवगत कराया जाये। खाद्य मंत्री राजपूत ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत माह अप्रैल में खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में हुए गेहूं उपार्जन का भुगतान शत प्रतिशत पूरा करें।



### नरवाई नहीं जलाने किसानों को किया जाए जागरूक

मंत्री राजपूत ने कहा कि जिले में नरवाई नहीं जलाने के लिए संगोष्ठी, चौपाल आदि के माध्यम से किसानों को प्रेरित कर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बतायें। प्रभारी मंत्री राजपूत ने जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। योजना समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों को शीघ्र अमल में लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

## एमसीयू में प्रवेश अब 16 जून तक, ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब विद्यार्थी 16 जून तक प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सीयूईटी-पीजी के आवेदक भी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों ने एन ई पी 2020 के अंतर्गत 4 वर्षीय स्नातक डिग्री की है, उनके लिए विश्वविद्यालय इस सत्र से 1 वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू कर रहा है। बता दें कि एमसीयू एशिया की पहली मीडिया यूनिवर्सिटी है, जहां मीडिया की कई विधाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा के पाठ्यक्रम विभिन्न विभागों में संचालित किए जाते हैं। नेक ग्रेड मीडिया यूनिवर्सिटी के माखनपुरम परिसर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी, पत्रकारिता, संचार शोध, जनसंचार, मीडिया प्रबंधन, सिनेमा अध्ययन, भारतीय भाषा, पुस्तकालय, कंप्यूटर अनुप्रयोग, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग संचालित हैं जहां से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। विद्यार्थी अधिक जानकारी के विश्वविद्यालय की वेबसाइट का विजिट कर सकते हैं।

**- सीयूईटी-पीजी के आवेदक भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं**




**मेट्रो एंकर**

**आजीविका मिशन के महिला समूहों के व्यवसाय में होगी बढ़त**

# बायर-सेलर मीट में उत्पादों में रूचि दिखाई क्रेताओं ने

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की विक्री हेतु भोपाल में आयोजित की गई दो दिवसीय बायर-सेलर मीट में बडी संख्या में बायर पहुंचे। क्रेताओं ने समूहों के उत्पादों में अपनी रूचि दिखाई। इस दौरान समूहों से सामग्री खरीदने के लिये 16 व्यापारिक अनुबंध किये गये, जिसके तहत लगभग साढे नौ हजार टन सामग्री क्रय की जायेगी। इसमें मुख्य रूप से आलू, गेहूं, चावल, दाल, मूंगफली, मोरिंगा पावडर तथा सरसों का तेल आदि शामिल है। इसी प्रकार गैर कृषि आधारित उत्पादों के अंतर्गत कलात्मक बस्तुओं में 200 गौंड पेण्टिंग तथा लगभग 2 लाख रूपये की बैगा कलाकृतियां खरीदने का अनुबंध तथा ई-सरस दिल्ली द्वारा शिवपुरी जिले के बदरवास की जैकेट व मंदसौर जिले के फ्रूट शर्बत की विक्री हेतु वेण्डर के रूप पंजीयन किया गया। इसके अलाबा मिलेट एवं मिलेट उत्पाद, सरसों, गेहूं एवं मक्का के लिये लॉजिस्टिक सपोर्ट हेतु सहमति बनी।

ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री में बढोत्तरी के लिये बायर - सेलर मीट का आयोजन 15 एवं 16 मई 2025 को भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन के सभागार में किया गया था। इसका उद्घाटन 15 मई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया गया था।




### 64 क्रेताओं ने खरीदी सामग्री

बायर-सेलर मीट के लिये 149 क्रेताओं द्वारा ऑनलाईन प्री-रजिस्ट्रेशन किया गया था। 64 क्रेताओं ने उपस्थित होकर सामग्री देखी। अनुबंध करने बाली प्रमुख क्रेता फर्म में सिद्धि विनायक एग्री प्रोसेसिंग, समुन्नत, ANGV (A Ne&t Generation Ventures), मीरा होटल वेयर एवं ई-सरस आदि शामिल हैं। इसके अलाबा अन्य क्रेताओं ने भी अपनी रूचि दिखाई है संभावना है, निकट भविष्य में इनका समूहों के साथ अनुबंध होने की उम्मीद है। बायर - सेलर मीट से समूहों के उत्पादों को वृहद बाजारों से सीधे जुडकर अधिक लाभ प्राप्त करने का अवसर मिला है साथ ही विभिन्न जिलों से आई समूह सदस्य का भी उत्साहवर्धन हुआ है।

## संपादकीय

# उम्मीदों की ओर

हाल में सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल समाप्त हुआ है,इस मौके पर उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं हैं जो बहुत आश्वस्त करती हैं और उम्मीदें भी जगाती हैं। दरअसल नवनियुक्त चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान सीजेआई संजीव खन्ना ने यह कहकर न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता बढ़ाई है कि वे रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। दोनों ने पूरे सिस्टम के लिए एक बहुत उजली नजीर पेश की है। हालांकि जस्टिस खन्ना का कार्यकाल बहुत छोटा रहा, लेकिन इसी दरम्यान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आम लोगों का भरोसा बढ़ाने वाले कई ऐसे कदम उठाए,जिनके लिए उन्हें याद किया जाता रहेगा। मसलन जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड उनके लिए एक परीक्षा की तरह था। हर तरफ लोगों के मन में तमाम सवाल उठ रहे थे। उस वक्त सीजेआई खन्ना ने न केवल उस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया, बल्कि उन्हीं की पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर मजूबत व सकारात्मक संदेश दे दिया। इसी तरह, जस्टिस खन्ना के ही दौर में कॉलेजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास भी किया गया था। इस सिस्टम पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने पिछले करीब तीन साल में कॉलीजियम में जितने भी प्रस्ताव आए थे, उन सभी को सार्वजनिक कर दिया। कौन रिकमेंड हुआ, किस आधार पर हुआ और किनको नियुक्ति मिली- इन सवालों के जवाब मिले तो संदेह के बादल भी छंट गए। सामने आया कि करीब तीन साल में 221 नाम भेजे गए थे, जिसमें से केवल 14 किसी जज या पूर्व न्यायाधीश के रिश्तेदार थे। अब नए सीजेआई गवई ने पद संभालने से पहले एक और महत्वपूर्ण बात कही है। उन्होंने न्यायपालिका और विधायिका में कौन बड़ा, के सवाल पर स्पष्ट किया कि देश में संविधान की सर्वोच्चता है। पिछले दिनों चली बहस के संदर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है। हालांकि नए सीजेआईज्ञ के सामने भी कई चुनौतियां हैं।उनका भी कार्यकाल करीब नौ महीने का ही है। इसलिये उनसे भी सुधार की उम्मीदें ज्यादा बढ गई हैं। अभी स्थिति यह है कि न्यायपालिका पर लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है और इसका उन्होंने जिक्र भी किया है। देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। ये आंकड़े न्याय मिलने की रफ्तार को धीमा करते हैं। भरोसा और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ न्याय मिलने की रफ्तार में भी तेजी लाने की कोशिश अब और तेज होगी, यह माना जा सकता है। वैसे भी कोई भी लोकतंत्र मजबूत तभी है, जब न्यायपालिका मजबूत हो, जब वह निष्पक्ष होकर बिना किसी डर या लालच के अपना कर्तव्य निभाए और निभाती हुई दिखे। जस्टिस गवई और जस्टिस खन्ना का स्टैंड इसी बड़े मकसद से प्रेरित रहा है। इससे देश की सर्वोच्च अदालत की छवि और चमकदार बनेगी, भारत में न्यायपालिका के प्रति कितना सम्मान है, यह हर बार साफतौर पर नजर आता है। लोग बरसों तक फैसले का इंतजार करते हैं और जब फैसला आता है तो उसे स्वीकार भी करते हैं। यही इस संस्था के प्रति विश्वास का प्रतीक है,इसीलिये जब सर्वोच्य कुर्सी पर बैठे जस्टिस सुधार की बात करते हैं तो इससे भरोसे के कई और द्वार खुलने लगते हैं।

> अगर आप इस बात की परवाह नहीं करें कि श्रेय किसे मिलेगा, तो आप बहुत कुछ कर सकते हैं।

## आज का इतिहास

- 1498 पुर्तगाल का प्रसिद्ध खोजी नाविक वास्कोडिगामा पहली बार कालीकट के निकट पहुंचा।
- 1521 अंग्रेजी रईस एडवर्ड स्टैफोर्ड, जिसके पिता को राजा रिचर्ड ढ्ढढ्ढ के खिलाफ विद्रोह करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, खुद को राजा हेनरी आठवीं के खिलाफ देशद्रोह का दोषी ठहराया गया था।
- 1590 डेनमार्क के ऐनी को होलीरोड पैलेस में थैबे चर्च में स्कॉटलैंड की रानी कंसोर्ट का ताज पहनाया गया।
- 1642 सोसाइटी नोट्रे-डेम डी मॉन्ट्रियल ने विले-मेरी (नोट्रे-डेम चर्च चित्र) के रूप में जाना जाने वाला एक स्थाईकरण की स्थापना की, जो मॉन्ट्रियल शहर में पूरी तरह से विकसित हुआ।
- 1742 चटुट्ज़ित्ज़ि की लड़ाई- फ्रेडरिक द्वितीय और पर्शिया ने ओस्ट्रियों को पराजित किया।
- 1744 फ्रेंच किंग लुई ङ्गङ्क ने ब्रिटेन पर युद्ध की घोषणा की।
- 1756 ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
- 1782 ग्रेट ब्रिटेन की संसद ने आयरलैंड अधिनियम की निर्भरता को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम के निरसन को पारित किया।
- 1792 न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की शुरुआत से, बटनवुड समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1792 चौबीस स्टॉक ब्रोकर्स ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के बटनवुड समझौते पर हस्ताक्षर
- 1814 नॉर्वे के संविधान पर हस्ताक्षर किए गए और नॉर्वे की संविधान सभा द्वारा क्रिश्चियन फ्रेडरिक को नॉर्वे का नया राजा चुना गया।
- 1863 रोसालिया डी कास्त्रो ने कैंट्रेस गैलीगोस, उनकी कविता का एक संग्रह, गैलिशियन् भाषा में पहली पुस्तक प्रकाशित की।
- 1865 इंटरनेशनल टेलीग्राफ यूनियन की स्थापना की गयी।
- 1865 इंटरनेशनल टेलीकम्यूनिकेशन यूनियन, एक अंतर्राष्ट्रीयकरण, जो अंतर्राष्ट्रीय रेडियो और प्रौद्योगिकी को मानकीकृत और नियंत्रित करता है, को इंटरनेशनल टेलीग्राफ यूनियन इनपैरिस के रूप में स्थापित किया गया था।

## निशाना

### रहना है विवादित !



रह रह कर जिह्वा से ।
आते हैं बयान ।।
रहना है विवादित ।
इसी में सम्मान ।।
छोड़ कर सब काम ।
किए एजेंडा तय ।।
पकड़ लिए हैं अपनी ।
जो पुरानी लय ।।
है नज़दीक चुनाव ।
चर्चा में अब रहना ।।
बोल कर कुछ बोल ।
है आगे टहलना ।।
रोटी पानी बनी रहे ।
है उसका जुगाड़ ।।
हल्की फुल्की इसलिए ।
दिखती ये दहाड़ ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# प्रधानमंत्री का नया मंत्र 'नागरिक देवो भवः'

■ सरमन नगेले



भारतीय संविधान में नागरिक कल्याण के लिए कई प्रावधान हैं, जो नागरिकों को उनके अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करते हैं। संविधान के विभिन्न भाग और अनुच्छेद नागरिक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि मौलिक अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, और मौलिक कर्तव्य। वैसे भारत की वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार ने संविधान में नागरिक कल्याण के लिए प्रावधानों को न केवल आत्मसात किया है बल्कि संविधान प्रदत्त नागरिक कल्याण के अधिकारों को सर्वोपरि रखते हुए एक समाज शास्त्र का नया विचार ÷नागरिक देवो भव÷ मंत्र के साथ नागरिकों के सम्मुख टेक्नोलॉजी के सपोर्ट से रखा। एक लंबे अध्ययन के पश्चात रेखांकित करने योग्य बात यह है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किसी भी कार्यक्रम का भाषण डिजिटल, टेक्नोलॉजी का प्रभावी तरीके से उल्लेख किये बिना पूरा होता ही नहीं है। डिजिटल इंडिया के माध्यम से विकसित किये गए डिजिटल ईकोसिस्टम से नागरिक कल्याण को और प्रभावी बनाने की मंशा को अमल में लाने, ठोस रणनीति के साथ काम करने के लिए यही बात प्रधानमंत्री को उत्साहित एवं प्रेरित भी करती है। यहाँ यह सन्दर्भ समीचीन और सामयिक है। संवेदनशील रहिए, गरीब की आवाज सुनिए, गरीब की तकलीफ समझिए, उनका समाधान करना अपनी प्राथमिकता बनाइए, जैसे अतिथि देवो भव-होता है, वैसे ही नागरिक देवो भव- इस मंत्र को लेकर चलना है। नौकरशाह को सिर्फ भारत के सिविल सर्वेंट के रूप में ही नहीं, विकसित भारत के शिल्पकार के रूप में अपने आपको दायित्व के लिए तैयार करना है।

21 अप्रैल 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने नौकरशाह को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया कहा था। उन्होंने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थीं। एक ऐसा सिविल सर्वेंट, जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने। जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए। जो ईमानदारी से, अनुशासन से, समर्पण से भरा हुआ हो। जो देश के लक्ष्यों के लिए दिन-रात काम करे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की ये बातें और ज़्यादा प्रासंगिक हो जाती हैं । प्रधानमंत्री द्वारा यह विचार नए समाजशास्त्र के रूप में भारत के नौकरशाह के लिए विगत दिनों प्रकट किये गए हैं। आज के दौर में सभी लोग पूरी दुनिया को तेज गति से बदलते हुए देख रहे हैं। यहाँ तक कि 10-15 साल का बच्चा है और जब उससे बात करते हैं, तो आप फील करते हैं, आप आउटडेटेड हैं। ये इसलिए होता है क्योंकि समय बहुत तेजी से बदल रहा है। हर 2-3 साल में गैजेट्स कैसे बदल रहे हैं। कुछ समझें , सीखें उसके पहले नया आ जाता है। लेकिन छोटे-छोटे बच्चे इन तेज बदलावों के साथ बड़े हो रहे हैं। देश की ब्यूरोक्रेसी, हमारा कामकाज, हमारी पॉलिसी मेकिंग भी पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती। डिजिटल इकॉनमी का लाभ, ऐसी ही बातें हैं जो समग्र विकास, शासन में गुणवत्ता सिर्फ स्कीम्स लांच करने से नहीं आती। बल्कि शासन में गुणवत्ता इससे तय होती है कि वो स्कीम कितनी गहराई तक जनता के बीच पहुंची, और उसका कितना रियल इम्पैक्ट ।

आज भारत का शासन मॉडल, अगली पीढ़ी के सुधार पर फोकस कर रहा है। मोदी सरकार टेक्नोलॉजी और इनोवेशन और इनोवेशन प्रक्टिसेस के जरिए सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी समाप्त कर रही है । इसका इम्पैक्ट ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के इलाकों में भी दिख रहा है। त्र20 प्रेसिडेंसी में 60 से ज्यादा शहरों में 200 से ज़्यादा मीटिंग्स , इतना बड़ा और समावेशी पदचिह्न , त्र20 के इतिहास में पहली बार हुआ और यही तो टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के चलते समग्र दृष्टिकोण है। केंद्र सरकार ने डिले सिस्टम को खत्म करने की कोशिश की है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से टर्नअराउंड टाइम को भी घटा रही है। लिहाजा अधिकारियों को हर सेक्टर में देखना होगा कि जो लक्ष्य तय किए हैं, क्या उनको पाने के लिए वर्तमान स्पीड काफी है। अगर नहीं है तो, उसे बढ़ाना है। अब टेक्नॉलॉजी सबके पास है, वो पहले नहीं थी। टेक्नॉलॉजी की ताकत के साथ आगे बढ़ना बेहद ज़रूरी है। मोदी सरकार ने 4 करोड़ गरीबों के लिए पक्के घर बनाए, लेकिन अभी 3 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य उनके सामने है। 5-6 सालों




में 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। यह सब टेक्नोलॉजी के बलबूते किया गया है।

आज की टेक ड्रिवेन दुनिया में सिविल सर्वेन्ट्स को ऐसी स्किल्स चाहिए जो ना उन्हें सिर्फ टेक्नोलॉजी समझने में मदद करें, बल्कि उसे स्मार्ट और इंक्लूसिव गवर्नेंस के लिए इस्तेमाल भी कर सकें। प्रौद्योगिकी के युग में, शासन का मतलब प्रणालियों का प्रबंधन करना नहीं है, बल्कि संभावनाओं को बढ़ाना है.÷ सभी को टेक सेवी होना पड़ेगा, ताकि हर पॉलिसी और स्कीम को टेक्नोलॉजी के ज़रिए ज्यादा एफिसिएंट और एक्सेसिबल बनाया जा सके। डाटा ड्रिवेन डिसिशन मेकिंग में एक्सपर्ट बनना होगा, जिससे पॉलिसी डिजाइनिंग और इम्प्लीमेंटेशन ज्यादा एक्यूरेट हो सके। नई टेक्नोलॉजी rtificial Intelligence -कृत्रिम बुद्धिमत्ता और Quantum Physics- क्वांटम भौतिकी कितनी तेजी से विकसित हो रही है। जल्द ही, टेक्नोलॉजी के उपयोग में एक नई क्रांति आएगी । जैसे अतिथि देवो भव-होता है, वैसे ही नागरिक देवो भव-इस मंत्र को लेकर के भारत के नौकरशाह को चलना है। भारत के नौकरशाह नए भारत के शिल्पकार हैं। पहले अगर सरकार एक रुपया गरीब को भेजती थी तो उसमें से 85 पैसा लुट जाता था । सरकारें बदलती रहीं, साल बीतते रहे, लेकिन गरीब के हक का पूरा पैसा उसे मिले, इस दिशा में ठोस काम नहीं हुआ। गरीब का पूरा पैसा गरीब को मिले, एक रुपया दिल्ली से निकले, तो सौ के सौ पैसे उसके पास पहुंचने चाहिए। इसके लिए डिजिटल बैंकिंग यानि टेक्नोलॉजी की मदद से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की व्यवस्था की। और इससे सरकारी स्कीम्स में लीकेज रुकी, लाभार्थियों तक सीधे बेनिफिट पहुंचा, सरकार की फाइलों में 10 करोड़ ऐसे फर्जी लाभार्थी थे, जिनका कभी जन्म भी नहीं हुआ था। मोदी सरकार ने इन 10 करोड़ फर्जी नामों को सिस्टम से हटाया और पूरा का पूरा पैसा गरीबों के बैंक खातों में भेजा। इससे साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा, गलत हाथों में जाने से बचा है। दिलचस्प और गौरतलब यह है की देश में लोकतंत्र और विकास साथ-साथ चल सकते हैं? यह टेक्नोलॉजी के आधार पर संभव हो रहा है। ÷डेमोक्रेसी कैन डिलीवर÷ यानी डेमॉक्रेसी रिजल्ट्स दे सकती है। पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, इससे पूरी दुनिया को ये संदेश मिला है, डेमोक्रेसी कैन डिलीवर। जिन करोड़ों छोटे उद्यमियों को मुद्रा योजना से लोन मिला, उन्हें आज महसूस होता है कि, डेमोक्रेसी कैन डिलीवर। देश में ट्राइबल्स में भी ऐसी अति पिछड़ी ट्राइबल जातियां थीं, जिन तक विकास का लाभ नहीं पहुंच पाया था। आज जब पीएम जनमन योजना से इन जातियों तक सरकारी सुविधा पहुंची है, तो उन्हें भी भरोसा हुआ है, डेमोक्रेसी कैन डिलीवर ! देश का विकास, देश के संसाधन, आखिरी व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव पहुंचें, लोकतंत्र का असली अर्थ, असली उद्देश्य यही है और हमारी सरकार यही कर रही है। यह सब टेक्नोलॉजी के सहारे संभव हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने सिविल सर्विस डे के दौरान नागरिक देवो भव- इस मंत्र की बात कही थी। ये मोदी सरकार का मूल विचार है। सरकार खुद, नागरिक तक सेवा पहुंचाने की पहल करती है। आजकल तो हर फॉर्म ऑनलाइन भरते हैं। एक समय था, जब अपने ही डॉक्यूमेंट्स को अटेस्ट कराने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब आप वही सारे काम सेल्फ अटेस्ट करके भी कर सकते हैं। देश के सीनियर सिटिजन्स कहीं से भी, डिजिटली अपना जीवन प्रमाण पत्र दे सकते हैं। बिजली कनेक्शन लेना हो, पानी का नल लगवाना हो, बिल जमा करना हो, गैस बुक करानी हो और यहां तक कि गैस सिलेंडर की डिलिवरी लेनी हो मतलब सब ऑनलाइन। प्रधानमंत्री कोशिश कर रहे हैं, कि हर वो इंटरफेस, जहां लोगों को सरकार से कोई इंटरैक्शन करना हो, जैसे पासपोर्ट का काम हो, टैक्स रीफंड का काम हो, ऐसे हर काम सिंपल , फास्ट और एफिसिएंट हों। यही नागरिक देवो भव- मंत्र का उद्देश्य है।

भारत आज, अपनी परंपरा और प्रगति को एक साथ लेकर चल रहा है। विकास भी, विरासत भी, ये सरकार का मंत्र है। ट्रेडिशन और टेक्नॉलॉजी कैसे एक साथ थ्राइव करती है, ये भारत ने करके दिखा दिया है। आज डिजिटल ट्रांजेक्शन में दुनिया में टॉप के देशों में है भारत । और साथ ही, योग और आयुर्वेद के ट्रेडिशन को भी पूरी दुनिया में मोदी सरकार ले जा रही है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फोन निर्माता देश है। एक दशक पहले पहले जब मोदी जी डिजिटल इंडिया की बात करते थे, तब कई लोग बहुत सारी आशंकाएं व्यक्त करते थे। लेकिन आज डिजिटल इंडिया भारत के हर नागरिक का जीवन का एक सहज हिस्सा बन चुका है। सस्ते डाटा और सस्ते मेड इन इंडिया स्मार्टफोन्स ने एक नई क्रांति को जन्म दिया है। डिजिटल इंडिया से कैसे ईज ऑफ लिविंग बढ़ी। डिजिटल इंडिया ने कैसे कंटेंट और क्रिएटिविटी का एक नया संसार बना दिया है। आज गांव में अच्छा खाना बनाने वाली एक महिला मिलियन सब्सक्राइबर क्लब में है। किसी आदिवासी क्षेत्र का युवा अपनी लोक कला से दुनिया भर के दर्शकों को जोड़ रहा है। कोई स्कूल में पढ़ने वाला नौजवान है, जो टेक्नोलॉजी को शानदार तरीके से बता रहा है, समझा रहा है। रेखांकित करने योग्य बात यह है की अकेले ङ्घश्वह्वञ्जह्वढ्ढद्ग ने ही बीते तीन साल में भारत के कंटेंट क्रिएटर्स को 21000 करोड़ रुपये का पेमेंट किया है। यानी फोन सिर्फ कम्युनिकेशन का ही नहीं, क्रिएटिविटी का, कमाई का भी बहुत बड़ा टूल बनकर उभरा है । डिजिटल इंडिया के माध्यम से विकसित किये गए डिजिटल ईकोसिस्टम के जरिए नागरिक देवो भव- भावना तब ही पूरी तरह साकार होगी जब जनता की सेवा भावना ही सरकार को मूल ध्येय हो , और सरकार खुद, नागरिक तक समस्त प्रकार की सेवा पहुंचाने का विशेष अभियान प्रारंभ करे।

*( लेखक - वरिष्ठ पत्रकार और डिजिटल मीडिया से संबध्द)*

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

■ ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जु?ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक ब?ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइड़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेड़ी से बड़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इड़ाड़ा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बड़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बड़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी द्वजाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी। जिससे गरीबों के जीवन में एक स्वास्थ्य उजाला होगा।



विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि दवा-कम्पनियां तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं, मानो सारे नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर धनार्जन ही एकमात्र कर्म रह गया है। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन दवा माफिया के दबाव में समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। डॉक्टरों की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती, यह बात आम जनता में गहरे से बिठायी हुई है।

दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी। निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चड़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। निस्संदेह, लंबे उपचार व असाध्य रोगों के इलाज में दवाओं की कीमत एक प्रमुख घटक होता है। यदि दवा नियंत्रित दामों में मिल सके तो उनकी बड़ी चिंता खत्म हो सकती है। निस्संदेह, दवाओं की कीमत हमारी चिकित्सा सेवाओं के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

सरकार को चाहिए कि गांव से लेकर शहरों तक जेनेरिक दवाओं के मेडिकल स्टोर बड़ी संख्या में खोले जाएं। गरीब-अनपढ़ मरीजों को जागरूक करके जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित करना होगा। मरीजों के परिजनों को विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां भी उसी साल्ट से बनी होती हैं, जिससे महंगी ब्रांडेड दवाइयां बनी होती हैं। निश्चित रूप से डॉक्टरों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने ऋषिकर्म का दायित्व निभाते हुए गरीब मरीजों को अधिक से अधिक जेनेरिक दवाइयां लिखना शुरू करें। यह उनके लिये भी परोपकार एवं पुण्य के काम जैसा होगा।

**साभार**- लेखक के विचार हैं

# जीव और ईश्वर का विशुद्ध मिलन ही रासलीला का स्वरूप : श्रीकृष्ण चंद्र

**गंजबासौदा , दोपहर मेट्रो**

गंज हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के छंटवे दिन कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र ठाकुर जी महाराज ने बताया कि जीव और ईश्वर का विशुद्ध मिलन ही रासलीला का स्वरूप है। भगवान श्री कृष्ण ने अपनी ही अंशभूत असंख्य गोपियों के साथ महारास लीला की। किसी भौतिक शरीर धारण गोपियों के साथ रास नहीं हुआ। भगवान श्री कृष्ण ने यमुना के तट पर जाकर योग माया का आश्रय लेकर असंख्य गोपियों के साथ महारास की लीला की थी। यह गोपियां साधन सिद्धा, योग सिद्धा, वरदान सिद्धा थी जिनको भगवान ने पूर्व में वरदान दिया था। गोपियों में कुछ त्रृचा रूपा थी, कुछ ऋषि रूपा थीं। ऐसी गोपियों के साथ महारास लीला कर, पूर्व प्रदत्त वरदान को पूर्ण किया।

ठाकुर जी ने कहा कि महारास लीला प्रसंग श्रवण करने से हृदय से काम वासना सदैव के लिए नष्ट हो जाती है।

कृष्ण रूक्मणी विवाह का बड़ा ही मनोहारी रोचक प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि रूक्मणी साक्षात लक्ष्मी हैं और कृष्ण साक्षात नारायण। लक्ष्मी सदैव नारायण को प्राप्त होती हैं किसी सांसारिक जीवन को नहीं। भगवान कृष्ण के सोलह हजार एक



सो आठ विवाहों का वर्णन करते हुए कहा आध्यात्मिक भाव स्पष्ट किया कि आठ प्रकार की प्रकृति ही भगवान की अष्ट पटरानी हैं। वेद के सोलह हजार मंत्र, जो भगवत प्राप्ति का मार्ग बताते हैं, वे ही सोलह हजार पत्नियां बनीं। हमारे सौ उपनिषद भी भगवान कृष्ण की सौ रानियां बने। इस प्रकार भगवान कृष्ण के सोलह हजार एक सौ आठ विवाहों का आध्यात्मिक भाव स्पष्ट किया। कथा के उत्तरार्ध में ठाकुर जी ने भगवान श्री कृष्ण और रूक्मणी जी के विवाह प्रसंग का सरस वर्णन किया। कथा व्यास जी और वृंदावन से आए संगीतकारों ने विवाह के मंगल- मंगल गीत गाए तो उपस्थित श्रृद्धालु और श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे और भावपूर्ण होकर नृत्य करने लगे। पूरा पंडाल, खड़े होकर भाव भक्ति में विभोर हो गया। कथा पंडाल में महारास सा वातावरण बन गया। आज शनिवार को भागवत कथा का अंतिम दिन होगा जिसमें सुदामा चरित्र, संपूर्ण भागवत का सार, भगवान के स्वधाम तथा शुकदेव जी की विदाई की कथा कही जाएगी।

कथा में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी महाराज, नौलखी खालसा श्री महंत श्री राममनोहर दास जी महाराज, शमशाबाद रामदेव मंदिर से गौरीशंकर महाराज, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज बासौदा रामदेव मंदिर के हरिनारायण पाठक, कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री, कथावाचक देवेंद्र भार्गव, विहिप के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

## चना खरीदी में धांधली, ट्राली पास कराने सर्वेयर ने किसान से लिए 4 हजार रूपए

**सिवनी मालवा।** उपनगरी बानापुरा स्थिति कृषि उपज मंडी में विपणन सहकारी समिति में की जा रही चने की खरीदी में सर्वेयरों के द्वारा चने का सैंपल पास करने के एवज में किसानो से रुपयों की मांग की जा रही है। वही रूपये नहीं देने पर सैंपल फ़ैल करने की धमकी भी दी जा रही है।



शुक्रवार शाम राजोरा कुर्मी के किसान योगेश गौर अपनी चने की उपज बेचने के लिए विपणन सहकारी समिति आये थे। जहाँ नियुक्त सर्वेयर ने चने के सैंपल पास कराने के एवज में रुपयों की डिमांड की जो की किसान द्वारा दे भी दिए गए। वही कुछ समय बाद समिति प्रबन्धक द्वारा चना खरीदने से मना कर दिया। जिसके बाद उक्त किसान के द्वारा इसकी जानकारी कृषि विभाग के अधिकारीयों सहित अन्य अधिकारीयों को दी गई। जिस पर कृषि विस्तार अधिकारी संजय पाठक ने डीएमओ गोदाम प्रभारी संजीत बर्मन को जांच के लिए भेजा। परन्तु तब तक सर्वेयर विवाद बढ़ता देख भाग खड़ा हुआ। किसान योगेश गौर ने बताया की जब हम चने की ट्राली लेकर आये थे तो सर्वेयर अजय दायमा ने चना देख कहा की इसमें मिट्टी दिखाई दे रही है। पर यदि 4 हजार रूपये दोगे तो ट्राली पास हो जायेगी। जिसके चलते हमने 4 हजार रूपये सर्वेयर को दे दिए थे। पूरे मामले में समिति प्रबन्धक सुनील साध ने भी सर्वेयर द्वारा किसान से रूपये लिए जाने की बात को स्वीकार किया। साथ ही उन्होंने जांच करने पहुंचे गोदाम प्रभारी को भी पूरे मामले से अवगत कराया। जिस पर गोदाम प्रभारी संजीत बर्मन ने पंचनामे की कार्रवाई कर पूरे मामले में वरिष्ठ अधिकारीयों को कार्रवाई करने के लिए लिखने का आश्वासन दिया।

## विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार बताए

**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति ने स्थानीय वार्ड क्रमांक सात के आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं के बीच विधिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं को कानूनी जानकारी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश सुश्री विमलेश मुड़ैया ने संविधान के मूलभूत अधिकार, मूल कर्तव्य, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम दहेज प्रतिषेध अधिनियम भरण-पोषण महिलाओ का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन अधिनियम लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम अपराध पीडित प्रतिकर योजना नालसा- बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ और उनके संरक्षणक के लिए विधिक सेवाऐं योजना।



## कलेक्टर ने पिपरिया नगर पालिका के निरीक्षण के बाद किया पौधारोपण

**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती सोनिया मीना ने पिपरिया नगर पालिका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका की वित्तीय स्थिति, राजस्व व्यय, निर्माण एवं विकास कार्यों, पेंशन प्रकरणों, राजस्व वसूली तथा विभिन्न नवाचारों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका को प्राप्त चुंगी क्षतिपूर्ति के अलावा शासन से प्राप्त अन्य निधियों का उपयोग और उनके व्यय की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा अधिकतम वसूली के प्रयास किए जाएं ताकि नगर पालिका आत्मनिर्भर बन सके। कलेक्टर मीना ने नगर पालिका द्वारा प्रारंभ किए गए योजना भवन के नवाचार की सराहना की।



## पॉलीटेक्निक कॉलेज में रजिस्ट्रेशन च्वाइस फिलिंग प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**नर्मदापुरम।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम के प्राचार्य, डॉ. पी.सी. नरवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैंनेजमेंट, सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन प्रारम्भ है तथा 15 मई से च्वाइस फिलिंग प्रारंभ हो चुकी है। च्वाइस फिलिंग के बाद प्रवेश सूची जारी होगी और विद्यार्थी चयनित पॉलीटेक्निक में ब्राचं अनुसार प्रथम चरण में टीएफडब्ल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से प्रवेश ले सकते है। पंजीयन की प्रक्रिया 01 जून की रात 11-45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश कक्षा-10वीं के आधार पर होगा । प्रवेश बढाने हेतु संस्था की टीम द्वारा नगर एवं आसपास के गांव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है।

### जल संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आने की जरूरत है

# जल संचयन वर्तमान की जिम्मेदारी एवं भविष्य की जरूरत : कलेक्टर

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने विकासखंड पिपरिया अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, पिपरिया में स्थापित रूफ वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया और जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी।

कलेक्टर सुश्री मीना ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और स्कूली स्तर पर इसकी शिक्षा से बच्चों में बचपन से ही संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने घरों व आसपास जल संचयन को अपनाने हेतु प्रेरणा स्त्रोत बनें।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने ग्राम पंचायत पौसेरा पहुंच कर तालाब गहरीकरण के लिए श्रम दान किया। इस दौरान कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए आयोजित की गई कलश यात्रा एवं जागरुकता



रैली में भी भाग लिया एवं ग्राम वासियों को जल संवर्धन का संदेश दिया। कलेक्टर सुश्री मीना ने जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायत पौसेरा के 50 वर्ष पुराने ऐतिहासिक महत्व के तालाब के गहरीकरण के लिए विधिवत पूजन अर्चन कर श्रमदान कार्य आरंभ किया। श्रमदान के दौरान ग्राम वासियों को पानी को व्यर्थ ना बहने तथा कैच द रेन अभियान को प्रभावी रूप से गांव में लागू किए जाने की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान उन्होंने ग्राम वासियों की प्रशंसा करते हुए ग्राम सरपंच को कहा कि ग्रामवासी काफी सक्रिय है तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत और अन्य गतिविधियां भी आयोजित करवाई जाए।

इससे पूर्व जनपद पंचायत सीईओ पिपरिया श्रीमती सुमन खातरकर द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में तालाब की जलभरण क्षमता 65800 घन मीटर है किंतु गहरीकरण के उपरांत तालाब की जल भरण क्षमता बढ़कर 1 लाख 5 हजार घन मीटर हो जाएगी। कलेक्टर सुश्री मीना ने इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों तथा कृषकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि यह केवल शासकीय अभियान नहीं है यह एक जन अभियान है जिसमें प्रत्येक जन समुदाय को अपनी सहभागिता देना चाहिए। जल संरक्षण वर्तमान की जिम्मेदारी है किंतु यह भविष्य की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग की योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप की उपयोगिता से उपस्थित ग्राम वासियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कृषि कार्य के दौरान भी जल का अपव्यय होता है जिसे रोकने के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई कार्य किया जा सकता है। उन्होंने इस दौरान पौधारोपण भी किया। कलेक्टर ने कदंब का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत अंतर्गत समग्र एवं पीडीएस ई केवाईसी तथा फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा कर जनपद सीईओ एवं सचिव को निर्देशित किया कि विशेष शिविर आयोजित कर आधार अपडेशन करवाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत ई केवाईसी की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए ई केवाईसी सैचुरेशन करवाया जाना

### कलेक्टर ने किया पिपरिया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने शुक्रवार को पिपरिया तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और विभिन्न वन व्यवस्थापन, भू-अर्जन, तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार वैभव बैरागी को निर्देशित किया कि वन व्यवस्थापन के लंबित प्रकरणों को आगामी 10 दिवस के भीतर आगामी कार्यवाही के लिए प्रेषित किये जाए। साथ ही उन्होंने इन प्रकरणों में एवं अन्य राजस्व मामलों में प्रक्रियात्मक त्रुटियों को सुधारने के निर्देश तहसीलदार और नायब तहसीलदार को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रकरण में समयसीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सीमांकन एवं नामांतरण के मामलों में लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगी।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की।



### अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही जारी

## 2 पोकलेन मशीन, 7 डंपर एवं 3 ट्रेक्टर-ट्राली की गई जप्त



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश पर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संपूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है।

जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा 15 मई 2025 को तहसील इटारसी के ग्राम ताकू में 01 पोकलेन मशीन मिट्टी खनिज के अवैध उत्खनन में पकड़ी गई, एवं ग्राम करखाजमाई में 01 पोकलेन मशीन मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में पकड़ी गई। दोनों मशीनें जप्त कर पुलिस थाना केसला और पथरौटा की अभिरक्षा में रखी गई हैं।

उक्त कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) इटारसी टी. प्रतीक राव, नायब तहसीलदार इटारसी प्रियंका भलावी, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, प्र0 खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमंत राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा।

इसके अतिरिक्त अन्य कार्रवाई में मई माह में खनिज विभाग ने गत दिवस ग्राम धरमकुंडी से 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत खनिज के अवैध परिवहन में पकड़कर जप्त किया। जिला प्रशासन और जांच दल ने 07 से 09 मई 2025 तक कार्रवाई करते हुए 07 डंपर ओवरलोड परिवहन करते और 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की। जप्त वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## कर्मचारी की मनमानी, रिवर व्यू कॉलोनी में गेट बंद होने से बुजुर्ग और बच्चे परेशान

- बाउंड्री वाल का काम शुरू, लेकिन नहीं खुला गेट
- दो वर्षों से टूटी पड़ी थी बाउंड्री वाल

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शहर की रिवर व्यू कॉलोनी में रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । यहां तैनात कर्मचारी द्वारा कॉलोनी का दूसरा गेट नहीं खोला जा रहा है जिससे बुजुर्ग और बच्चे परेशान हो रहे हैं। उन्हें एक से डेढ़ किलोमीटर मेन गेट से घूम कर आना पड़ रहा है।यहां तैनात कर्मचारी की मनमानी और हठधर्मिता से लोग परेशान हैं और वह अपने आप को विधायक का खास भी बता रहा है ।कॉलोनी में 200 परिवार निवास करते हैं जिनमें अधिकांश पुलिसकर्मी के परिवार रहते हैं । 100 क्वार्टर लगभग यहां मेन गेट से डेढ़ से एक से डेढ़ किलोमीटर दूर है। मेन गेट नहीं खोला जा रहा है बंद कर दिया है इससे लोग घूम कर जा रहे हैं जिससे बच्चे और बुजुर्ग परेशान हैं। बाउंड्री वालों का काम तो शुरू हो गया है



लेकिन में गेट अभी नहीं खुला है । इसके साथ ही यहां बाढ़ का खतरा भी बना है । रहवासियों का कहना है कि कर्मचारियों की मनमानी से कॉलोनी वासी परेशान है। कॉलोनाइजर तो मकान बेचकर चले गए लेकिन कर्मचारी अपने आप को पार्टनर बता कर यहां मनमानी कर रहा है। गेट बंद है लोग परेशान हैं।

**हो रही है चोरियां, सुरक्षा व्यवस्था नाकाम..**

कहने को रिवर व्यू कॉलोनी पाश कॉलोनी है लेकिन यहां की सुरक्षा व्यवस्था नाकाम है. विगत दिनों यहां दो मकान में चोरी हो गई जिसमें चोर लाखों का सामान ले गए. इन दो चोरियों में एक चोरी तो पुलिस कर्मी के मकान में हो गई. जब पुलिस परिवार के लोग ही इस कॉलोनी में सुरक्षित नहीं है तो अन्य रह वासियों का क्या हाल हो रहा होगा. इस कॉलोनी में दो प्रवेश द्वार है. एक प्रवेश द्वार हमेशा बंद रहता है. इसी बंद प्रवेश द्वार के पास बाउंड्री वॉल टूटी हुई है यही से चोरों ने कॉलोनी में प्रवेश किया था.

कॉलोनी की प्रबंधकीय समिति द्वारा रहवासियों से मेंटेनेंस का चार्ज लिया जाता है जबकि यहां मेंटेनेंस के नाम पर कोई भी काम नहीं है. मेंटेनेंस की राशि का उपयोग सिर्फ गेट पर बैठे चौकीदारों की तनख्वाह देने के लिए ही किया जाता है. जब गेट पर चौकीदार की नियुक्ति है तो कॉलोनी में चोरी क्यों हो रही है. यह सवाल कॉलोनी में रहने वालों के दिमाग में हिलोरे मार रहा है.

**मेट्रो एंकर** सिवनी मालवा क्षेत्र में अब धीरे-धीरे कुटीर उद्योग बनता जा रहा है अवैध शराब का कारोबार, मनमाने दामों पर बिक रही शराब, दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं

# सिवनी मालवा के गांवों और गलियों में खुलेआम बिक रही अवैध देशी-विदेशी शराब

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

नगर सहित समूचे तहसील क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब सप्लाई और बिक्री चल रही है और जिम्मेदार आंखों पर काली पट्टी बांध कर बेखबर बने हुए हैं। आबकारी ठेकदार नियम विरुद्ध तरीके से शराब की अवैध सप्लाई और बिक्री करवा कर लाभ अर्जित करने में जुटे हुए हैं। आलम यह है कि अवैध शराब हर गांव की हर गली में खुलेआम बिक रही है। शराब के बढ़ते अवैध व्यापार के कारण क्षेत्र में अपराधिक वारदातें भी बढ़ रही हैं। मौजूदा आबकारी ठेकेदार के अवैध शराब सप्लाई चर्चा का विषय बनी हुए हैं। स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही के कारण

आबकारी नीति की गाइड लाइन का पालन नहीं हो पा रहा है। आबकारी विभाग ठेकेदार द्वारा दुकानों में रेट सूची चस्पा किए बगैर मनमाने दामों पर शराब का विक्रय करवा रहे हैं।एक लाइसेंस पर कई दुकानें खुलवा रखीं हैं जहां कमीशन लेकर शराब की बिक्री कराई जा रही है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय सत्ताधारी नेताओं के साथ जुगलबंदी और आबकारी ठेकेदार की मनमानी चरम पर है और जिम्मेदार अधिकारी भी अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई पर कायर्वाही नहीं कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले की शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया संपन्न हुए करीब तीन माह बीत चुके हैं लेकिन अब तक




आबकारी विभाग के द्वारा किसी भी दुकान का न तो निरीक्षण किया नाही अवैध शराब बिक्री पर किसी प्रकार से कोई अंकुश लगाया गया है।

अगर देखा जाए तो सिवनी मालवा क्षेत्र के चारों ओर उत्तर से लेकर दक्षिण मे नर्मदा तट से सतपुड़ा की पहाड़ियों तक पूर्व से पश्चिम में हतेड़ नदी से गंजाल नदी तक अवैध तरीके से देसी विदेशी शराब बिक्री का कारोबार बड़े ही जोर शोर से चल रहा है। जिसके चलते आए दिन कहीं ना कहीं दुर्घटनाएं हो रही है अपराधिक वारदातें बढ़ रही है मजे की बात तो यह है कि सिवनी मालवा विकासखंड की 95 पंचायतों में से लगभग 60 से 70 ग्रामों में अवैध देसी विदेशी शराब का कारोबार खुले आम फल फूल रहा है। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि शराब ठेकेदार द्वारा ही वाहन से इन्हें शराब पहुंचाई जाती है एक नजर डालें तो सिवनी मालवा के इन ग्रामों में देसी विदेशी शराब बिक रही है हथनापुर बाबरी कासखेड़ी सूरजपुर लोखरतलाई झीरनापूरा रानीपुर नवल गांव फरीदपुर चौकी माफी भरलाए धामनिया रावणपीपल बासनिया आदि मदिरा आसानी से मिल रही है।

### महिलाओं की परेशानी

क्षेत्र में अवैध शरब से महिलाएं ज्यादा परेशान रहती हैं। मजदूरी करने वाले लोग शराब पीकर गांव मे गदर मचाते हैं और महिलाओं साथ मारपीट करते हैं जिसके कारण महिलाएं अत्यधिक परेशान रहती हैं कई घर बर्बाद हो चुके हैं और कई घर बर्बादी के कगार पर पहुंचने वाले है। अभी हाल ही में दो रोज पहले भी एक महिला ने शराब के आदि हो चुके अपने से परेशान महिला ने मौत को गले लगा लिय।

# अपना घर आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। विदिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देशन और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में गुरूवार को विठ्ठल नगर में स्थित अपना घर आश्रम में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री नितेंद्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट






अपूर्वा पाठक एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनिमेष तिवारी द्वारा अपना घर आश्रम विठ्ठल नगर में विधिक जागरूकता शिविर में न्यायिक प्रवाधनों की विस्तृत जानकारी सांझा की गई है। आश्रम के अध्यक्ष जी. के. माहेश्वरी ने बताया कि इस आश्रम में मानसिक पीडित, असहाय, लावारिस, अनाथ एवं अपंग व्यक्तियों को रेसक्यू कर लाया जाता है एवं उनकी सेवा व उपचार किया जाता है ।तत्पश्चात् उन्हे अपने परिजनो से मिलाने का भी कार्य किया जाता है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा आश्रम में आश्रय पा रहे सभी लोगो से बातचीत की, यंहा कब से है, कैसे आये है एवं आश्रग की सभी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली एवं एक व्यक्ति का जिनके परिजन भोपाल से आये थे उसका पुर्नवास कराया गया।

## बढ़ते लव जिहाद के मामलों में हिन्दू बेटियों को निशाना के खिलाफ महिलाएं आगे आई

# मातृशक्ति हुई एकजुट, नारेबाजी व पैदल मार्च कर सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में बढ़ते लव जिहाद के मामलों एवं हिन्दू लड़कियों को जिहादियों द्वारा लगातार निशाना बनाये जाने के खिलाफ नगर की महिलाओ ने शुक्रवार को सकल हिन्दू समाज के बैनर तले स्थानीय जय स्तंभ चौक से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान लव जिहाद एवं षडयंत्रकारियों के खिलाफ जमकर रास्ते भर नारेबाजी की और आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में बताया गया है कि विगत दिनों भोपाल के टीआईटी कॉलेज, उज्जैन के ग्राम बिछडोद, इंदौर में टेली परफॉर्मेंस कर्मचारी द्वारा किया गया कांड, रीवा के बिछिया थाने में विधर्मी के पूरे परिवार के द्वारा नाबालिग बच्चियों को फंसाने का षडयंत्र, सागर, दमोह का मामला, मुरैना में कम्प्यूटर कोचिंग संचालक द्वारा बालिकाओ के साथ किये गए दुष्कृत्य का मामला, राजगढ़ का मामला एवं अन्य जिलो में उजागर लव जिहाद के सुनियोजित अपराधो ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है इन मामलो में मासूम नाबालिग बालिकाओं, युवतियों यहाँ तक कि विवाहित महिलाओ को धर्म व नाम छिपाकर, छलपूर्वक प्रेमजाल में फंसाकर न केवल उनका शारीरिक शोषण किया गया अपितु उनकी अस्मिता व आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है। यह केवल कुछ व्यक्तियो द्वारा किया गया अपराध नही है, यह प्रदेश की बेटियों के विरूद्ध एक संगठित षडयंत्र है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इन अपराधो के तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतराज्यीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है, जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनो पर आघात हो रहा है। सकल हिन्दू समाज मांग करता है कि इस समूचे षडयंत्र का समूल उन्मूलन किया जाए। बेटियो की सुरक्षा और न्याय केवल तभी संभव होगा, जब इसकी गहन निष्पक्ष और राष्ट्रीय स्तर पर जांच हो। सकल हिंदू समाज ने मांग की है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ही एक मात्र सक्षम संस्था है, जो इन अंतराज्यीय व संगठित अपराधो की तह तक जाकर अपराधियो के नेटवर्क को उजागर कर सकती है। इन प्रकरणो को एनआईए को सौंपे जाये। अपराध में सम्मिलित व्यक्तियो को अपराधी बनाने में पुलिस का ढुलमुल रवैया रहा है इसलिये सभी मामलों में जिस किसी के द्वारा इसमें सहयोग प्रदान किया गया उन्हे भी अपराधी बनाया जावे। भोपाल, उज्जैन, मुरैना सहित अन्य जिलो में साक्ष्य मौजूद होते हुये भी पीडिता एवं पीडिता का परिवार भय एवं बदनामी के डर से एफआईआर करने सामने नही आ रहे है। ऐसी स्थिति में शासन की ओर से मामला दर्ज कराया जाना चाहिए।

और अपराधी को फांसी की सजा दी जाए। ज्ञापन में मातृशक्ति के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, रीता भावसार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### रक्षा समिति की बैठक में बोले अधिकारी बाहरी व्यक्तियों पर रखें नजर



गंजबासौदा। ग्राम नगर रक्षा समिति के थाना कोतवाली थाना देहात क्षेत्र के सक्रिय सदस्यो की मासिक बैठक कोतवाली थाना परिसर में एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली योगेंद्र परमार रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुई उपस्थित सदस्यों के नागरिक सुरक्षा के फॉर्म भरे गए। सदस्यों को आपदा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है थाना प्रभारी ने सदस्यों से कहा की रक्षा समिति के सदस्य पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सराहनीय ड्यूटी कर रहे हैं उनको शीघ्र ही नवीन परिचय पत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी ने बताया कि सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों पर नजर रखें एवं क्षेत्र में होने वाली हरेक गतिविधियों की जानकारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी एवं थाना संयोजक को दें। बैठक में कोतवाली थाना महिला संयोजक जयंती विश्वकर्मा को बनाया गया बैठक में राकेश रावत ,कोतवाली थाना संयोजक मनोज श्रीवास, रामसेवक भावसार, मुकेश निगम,भवानी सिंह रघुवंशी हुकम सिंह साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जेष्ठ माह में व्रतों का पावन संगम

**तेंदूखेड़ा।** पवित्र माह वैसाख के बाद ज्येष्ठ का महीना शुरू हो गया है। मई में जहां नौतपा भी पड़ेंगे, वहीं पूजन पाठ करने वालों के लिए भी ये महीना विशेष होने वाला है।



ज्योतिषाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री अनुसार इस माह में जो व्रत त्योहार आ रहे हैं, ये पुण्यफलदायी होने के साथ ही कष्ट निवारक भी होंगे। खासकर वट सावित्री पूजन और शनि अमावस्या और शनि जयंती विशेष होंगे। इन तीज त्योहारों में कई ग्रहों की युक्तियां भी बन रही है जो पूजन का फल कई गुना करेंगे। जटल सुहाग की कामना के लिए सुहागनों द्वारा किए जाने वाला सोमवती अमावस्या व्रत और वट सावित्री व्रत 26 मई को पड़ेंगे। वहीं ज्योतिषाचार्य के अनुसार 27 मई को अमावस्या तिथि के साथ ही शनि जयंती भी पड़ेगी। जिन लोगों पर शनि की साढे साती बल रही है, वे इस दिन विधि विधान से शानि देव का पूजन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। 29 मई को रंभा तीज पर महिलाओं द्वारा अपने पति के लिए प्रार्थना करने के लिए मनाई जाती है। इन तिथियों में पूजा-अर्चना का दौर रहेगा। इन तिथियों पर ये व्रत 15 मई- वृषभ संक्रांति ,14 मई- गणेश चतुर्थी व्रत , 20 मई - मासिक कृष्ण जन्माष्टमी ,23 मई- अपरा एकादशी 24 मई- प्रदोष व्रत ,25 मई- मासिक शिवरात्रि , 26 मई- वट सावित्री व्रत ,27 मई- शनि जयंती, 29 मई- रंभा तीज व्रत ,30 मई- विनायक चतुथी।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सिरोंज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सिरोंज।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण प्रारंभ हो गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 जून 2025 की रात्रि 11रू45 बजे तक ऑनलाइन या महाविद्यालय परिसर में आकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि संस्था में प्रवेश के लिए न्यूनतम अहर्ता 10वीं उत्तीर्ण है। प्रवेश के लिए पात्रता, संस्था में संचालित पाठ्यक्रम (सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) हेतु आवेदन प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियों के संबंध में अधिक जानकारी महाविद्यालय में एवं महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.gpc-sironj.in पर उपलब्ध है। संस्था में समस्त वर्गों के पात्र विद्यार्थियों हेतु शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की पात्रता के साथ-साथ शत-प्रतिशत रोजगार की व्यवस्था भी रहेगी। ज्ञात हो कि संस्था के विभिन्न विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर तथा शासकीय, अशासकीय उपक्रमों के कार्यरत हैं। वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में सर्वाधिक अवसर है। संस्था आधुनिक सुविधाओं के साथ हिंदी, अंग्रेजी माध्यम से अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य किया जाता है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है, कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करें एवं प्रायोगिक तथा तकनीकी शिक्षा का लाभ उठायें।

## शिक्षकों की समस्यायों के निदान हेतु शिविरों का आयोजन

**सिरोंज।** विदिशा शिक्षकों की समस्याओं के निदान हेतु लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विशेष पहल की जा रही है जिसके तहत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में जिले स्तर पर समस्त शिक्षकों की अधिक से अधिक समस्याओं के निराकरण हेतु शिक्षक समस्या निवारण 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त द्वारा जारी निर्देशो का हवाला देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शिक्षको की समस्या निवारण शिविर 2025 के तहत निर्धातिर तिथियों को शिविरो का आयोजन किया जाएगा। तदानुसार विकासखण्ड स्तर पर उक्त शिविर मई माह की 19 से 24 तारीख तक जिला स्तर पर 26 एवं 27 मई को जबकि संभाग स्तर पर 27 एवं 28 मई को शिविरो का आयोजन किया जाएगा। शिक्षको की समस्याओं के निवारण हेतु आयोजित होने वाले शिविरो में वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा निर्धारित प्रत्येक विषय तथा अन्य विषयों पर जिला अंतर्गत कार्यरत समस्त लोक सेवको की समस्याओं का निवारण कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## पुनः परीक्षा का संशोधित टाइम टेबिल जारी, 5वीं-8वीं की परीक्षाएं दो जून से

**सिरोंज।** विदिशा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षा सत्र 2024-25 का संशोधित टाइम टेबिल जारी किया गया है जिसके अनुसार परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। जारी संशोधित परीक्षा टाइम टेबिल के अनुसार कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षाएं नियत तिथि को निर्धारित परीक्षा केन्द्रो पर प्रातः दस बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। कक्षा 5वीं की पुनः परीक्षा संशोधित समय सारणी तदानुसार सोमवार दो जून को प्रथम भाषा हिन्दी (एससीईआरटी), (एनसीईआरटी), अंग्रेजी (एससीईआरटी), (एनसीईआरटी), उर्दू, मराठी विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। मंगलवार तीन जून को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितो हेतु), बुधवार चार जून को पर्यावरण अध्ययन, गुरूवार पांच जून को द्वितीय भाषा अंग्रेजी (एससीईआरटी), (एनसीईआरटी) (जिनकी प्रथम भाषा हिन्दी, उर्दू, मराठी है) अथवा हिन्दी (एससीईआरटी), (एनसीईआरटी) (जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी है), शुक्रवार छह जून को अतिरिक्त भाषा हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी विषय की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की गई है।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने युवाओं के लिए एसओपी जारी की

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने गुरू गोविंद सिंह साहिब के साहिबजादो और उनके परिवार के सदस्यों से ऐतिहासिक चरित्रो को मंचीय नाटको या किसी तरह के प्रदर्शन में गलत चित्रित ना कर सकें इसके लिए एसओपी जारी की गई है।

गौरतलब हो कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने अधिवक्ता सुश्री मीना सिंह से प्राप्त अभ्यावेदन को संज्ञान में दिया है जिसमें मंचीय नाटको और नाटक शो में श्री गुरू गोविंद सिंह साहिब और उनके परिवार के सदस्यों के साहिब जादो का अभिनय और चित्रण की गलत व्याख्या की है और विशेष रूप से ऐसे नाटको का मंचन किया है जिसमें साहिब जादो को ईंटो से मारते हुए दिखाया गया है याचिकाकर्ता ने कुछ स्कूलो में साहिबजादो का अभिनय और चित्रण के खिलाफ आपत्ति भी दर्ज कराई गई थी। उपरोक्त को संज्ञान में लेते हुए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने ततसंबंध में एक एसओपी जारी की है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, आयोग ने एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति या संगठन गुरु गोबिंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के ऐतिहासिक चरित्रों को मंचीय नाटकों, नाटकों या इसी तरह के प्रदर्शनों में चित्रित न करे। इसे सूचना और उचित कार्रवाई के लिए संलग्न किया जा रहा है। स्टेज नाटकों, नाटक शो में श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के रूप में अभिनय और भूमिका निभाने से रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) सिख धर्म की आस्था और ष्सिख रहत मर्यादाष् (श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी द्वारा निर्धारित आचार संहिता) और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आदेश के अनुसार, किसी को भी सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों के रूप में अभिनयध्प्रदर्शन करने औरध्या खुद को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। यह देखा गया है कि भारत भर के कुछ स्कूलों ने स्टेज शो नाटक आयोजित किए हैं जहाँ स्कूली बच्चे छोटे ष्साहिबजादोंष् के रूप में अभिनय कर रहे हैं और साहिबजादों को जिंदा ईंटों से ठोंकते हुए दिखा रहे हैं। इस एसओपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश स्थापित करना है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन गुरु गोबिंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के ऐतिहासिक व्यक्तित्व को मंचीय नाटकों, ड्रामा या इसी तरह के प्रदर्शनों में गलत तरीके से प्रस्तुत न करे।

# मुरवास पुलिस ने 3000 के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक जिला विदिशा रोहित काशवानी एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के द्वारा जिला विदिशा मे गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर आरोपीयों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया उक्त निर्देशों के पालन मे एसडीओपी लटेरी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरवास राजेश मिश्रा एंव उनकी टीम द्वारा थाना मुरवास मे पंजीबद्ध अपराध क्र. 97/24 धारा 307,294,323,506.34 आरोपी खलील पिता हफीज खान को मुखबिर की सूचना पर घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया जिस पर पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा 3000 की इनाम उद्घोषणा की गई थी। युक्त व्यक्ति को कोर्ट में पेश किया बाद उपजेल लटेरी दाखिल किया ,प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही जारी हैं । इसमें उनि राजेश मिश्रा सउनि संतोष, आर 101 राहुल रघुवंशी,आर 853 नितेश की सराहनीय भूमिका रही ।

**मेट्रो एंकर** यूनिसेफ की राज्य स्तरीय एसबीसी स्पेशलिस्ट ने वीएचएसएनडी का निरीक्षण किया

# टीकाकरण दिवस : समय, स्थान एवं दी जाने वाली सेवाएं अंकित करने दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा यूनिसेफ की राज्य स्तरीय एसबीसी स्पेशलिस्ट झिमली बरुआ एवं प्रभारी प्रमुख अनिल गुलाटी के द्वारा बासौदा विकासखंड के ग्राम खरपरी तबक्कलपुर में वीएचएसएनडी का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम में चल रहे टीकाकरण कार्य की सराहना की है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पदस्थ एएनएम, एमपीएस से संवाद कर जानकारी प्राप्त की। सत्र स्थल पर हितग्राही बच्चे एवं गर्भवती



माताएं कैसे आते है के संबंध में बताया गया कि ड्यू लिस्ट अनुसार हितग्राहियों को आशा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर बुलाती हैं एवं केंद्र पर टीकाकरण दिवस की जानकारी भी लिखवाई गई है। ग्राम वासियों की सुविधा के लिए ग्राम में चिन्हित पांच स्थलों पर टीकाकरण का दिवस, समय, स्थान एवं दी जाने वाली सेवाओं को अंकित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मीडिया अधिकारी बीएस दांगी, जिला कॉर्डिनेटर मनोहर मालवीय, ब्लॉक बासौदा के कॉर्डिनेटर अमित शर्मा, नेपाल सिंह कुशवाह, दीपक मांझी, सेक्टर सुपरवाइजर निरंजनसिंह रघुवंशी, एएनएम वर्षा साहू, आशा सुपरवाइजर विनीता रघुवंशी ग्राम पंचायत सरपंच रमेश रघुवंशी, आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कैरियर काउंसलिंग के लिए सेल का किया गठन

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के युवाजनों को कैरियर काउंसलिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन की सुविधा सुगमता से प्राप्त हो सकें इसके लिए जिला मुख्यालय पर एक सेल का गठन किया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता के निर्देशानुसार गठित सेल के सदस्यों से मार्गदर्शन व सलाह के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 7400507766 पर सम्पर्क किया जा सकता है। युवाजन अपनी जिज्ञासाओं का समाधान उल्लेखित नम्बरो से प्राप्त कर सकते है। शिक्षा विभाग के माध्यम से जिले में किए जा रहे नवाचारो के तहत कैरियर काउंसलिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। संयुक्त कलेक्टर एवं स्कूल शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा ने बताया कि कैरियर काउंसलिंग सह मार्गदर्शन सेल सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। उक्त अवधि दिवसो में कैरियर काउंसलिंग और कैरियर मार्गदर्शन से संबंधी जानकारियां विशेषज्ञो से कंट्रोल रूम के उल्लेखित पूर्व नम्बर पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## दोहा डायमंड लीग, नीरज चोपड़ा ने 90.23मी. भाला फेंका

# यह उनका ऑलटाइम बेस्ट थ्रो, ऐसा करने वाले तीसरे एशियाई प्लेयर

**दोहा , एजेंसी**

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंका। उन्होंने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में अपने करियर का बेस्ट थ्रो किया। इससे पहले उनका बेस्ट थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 2022 डायमंड लीग में हासिल किया था। हालांकि, नीरज दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.06 मीटर के थ्रो के साथ पहले और ग्रेनेडा के पीटर्स एंडरसन 85.64 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर स्कोर किया। नीरज के अलावा, गुलवीर सिंह (13ः24.32 मिनट) 5000 मीटर रेस में नौवें स्थान पर रहे। वहीं, पारुल चौधरी (9ः13.39 मिनट) महिलाओं की 3000 मीटर स्टेपलचेज में छठे नंबर पर रहीं।

### नीरज चोपड़ा के बेस्ट-5 थ्रो

90 मी प्लस स्कोर करने वाले तीसरे एशियाई एथलीट नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो में 90 मीटर से ज्यादा स्कोर करने वाले एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं, वे ऐसा करने वाले दुनिया के 25वें जेवलिन थ्रोअर बने हैं। नीरज से पहले पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.97 मीटर भाला फेंका था, जबकि चीनी ताइपे के चाओ-त्सुन चेंग ने एशियन चैंपियनशिप 2017 में 91.36 मीटर का स्कोर किया था। पिछले सीजन में एक मीटर से गोल्ड चूके थे नीरज नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका था, लेकिन चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया था।



### क्या है डायमंड लीग?

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।

डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है।

हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्रॉफी और कैश प्राइज मिलता है।




## दो मैच शेष रहते बना चैंपियन, 17 साल के यामल ने गोल दागा

# बार्सिलोना ने 28वीं बार जीता ला-लीगा एस्पान्योल को 2-0 से दी करारी शिकस्त

**बार्सिलोना , एजेंसी**

बार्सिलोना ने को एस्पान्योल को 2-0 से हराकर अपना 28वां स्पेनिश लीग खिताब जीत लिया। 17 साल के लामिने यामल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। बार्सिलोना लीग के दो मैच बाकी रहते हुए ही खिताब अपने नाम कर लिया है। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट स्कोर करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 36 मैच के बाद 85 पॉइंट हैं। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है।

स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो-दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर, यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। सभी 20 टीमों ने 36-36 मैच खेल लिए हैं और लीग में सभी के दो-दो मैच बाकी है। यामल ने टीम के लिए किया पहला गोल मैच के 53वें मिनट में यामल ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। उन्होंने एस्पान्योल के दो डिफेंडरों को चकमा देते हुए गेंद को गोल पोस्ट में मार दिया। यामल ने गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। 80 वें मिनट में एस्पान्योल के लिएंड्रो काबरेरा को लाल कार्ड मैच के 80वें मिनट में एस्पान्योल के लिएंड्रो काबरेरा को लाल कार्ड दिखाया गया, जिसकी वजह से टीम को मैच समाप्त होने तक 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा। काबरेरा को लाल कार्ड इसलिए दिया गया क्योंकि बॉल छीनने के दौरान उन्होंने यामल के पेट में मार दिया। फर्मिन लोपेज ने इंजरी टाइम में बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया फर्मिन लोपेज के गोल ने बार्सिलोना को जीत दिलाई।

### दुर्घटना में 13 लोग घायल

एस्पेन्योल और बार्सिलोना के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान ग्राउंड के बाहर 13 लोग घायल हो गए। मैच के शुरूआती चरण में कुछ मिनटों के लिए रुकावट आई, जब रेफरी को पुलिस ने स्थिति की जानकारी दी ।बार्सिलोना पुलिस के अनुसार, घायलों में से चार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि किसी की भी स्थिति गंभीर नहीं बताई गई। पुलिस ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि इस घटना से स्टेडियम के अंदर मौजूद दर्शकों को कोई खतरा नहीं था। कार चालक को खतरनाक ड्राइविंग और चोट पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

## केकेआर और आरसीबी मैच से आईपीएल फिर से होगा शुरू,

# टेस्ट से संन्यास ले चुके विराट कोहली पर टिकी रहेंगी नजरें

**बेंगलुरु , एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा, जिसमें सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रूकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगायेंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी।

केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये टीमों अपनी लय को किस तरह से बनाये रखती है। कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की।



### अधिकांश विदेशी खिलाड़ी लौट चुके हैं वापस

मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं। देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है। मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगायेंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

### दोनों टीमें रहेगी ऐसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसोदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हिर्षत राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्किया, स्पेंसर जॉनसन।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## अभिनेता विहान ने राधिका मदान के साथ वायरल तस्वीर पर दी प्रतिक्रिया, बोले- शानदार काम...




विहान समत और राधिका मदान के बीच रिश्ते की अफवाहों को हवा तब मिली जब इन्हें साथ में एक मॉल में देखा गया था। इन दोनों की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसके बाद नेटिजंस इन्हें गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड बता रहे हैं। अभिनेता विहान समत से इस बारे में सवाल किया गया है। अभिनेता विहान समत हाल ही में फिल्मीबीट के इंटरव्यू में शामिल हुए। उसी दौरान उन्हें एक्ट्रेस राधिका मदान के साथ वाली वायरल तस्वीर दिखाई गई, तो उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया ना देते हुए ना अफवाहों की पुष्टि की और ना ही खंडन किया। इस रवैये ने एक्टर्स के फैंस के मन में कई सवाल पैदा कर दिए हैं। इंटरव्यू में आगे एक्टर से उनकी फेवरेट अभिनेत्री को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कियारा आडवाणी के अलावा अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड राधिका मदान का भी नाम लिया। उन्होंने बताया कि राधिका का काम शानदार है। बीते दिनों राधिका मदान और विहान समत को मुंबई के मॉल में साथ देखा गया था। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए नजर आ रहे थे, जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही थी। हालांकि, दोनों के ये फोटो किसी ने पीछे से ली है, जिसमें उनका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक कहा गया कि ये इन दोनों की ही तस्वीर है। अभिनेता विहान समत के करियर की बात करें तो उन्हें हाल ही में रिलीज हुई सीरीज द रॉयल्स में देखा गया है, जिसमें उन्होंने ईशान खट्टर के छोटे भाई का रोल निभाया है।

# फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी, सामने आई 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज डेट

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू-पार्ट 1' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब काफी इंतजार के बाद फैंस को फिल्म के बारे में लगातार अपडेट मिल रही हैं। कल फिल्म की पहली झलक सामने आई थी, जिसमें पवन कल्याण नजर आए थे। अब फिल्म की रिलीज को लेकर एक बड़ जानकारी सामने आई है। मेकर्स ने फैंस को ये बता दिया कि कब पवन कल्याण इस फिल्म को लेकर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाले हैं।

**मेकर्स ने पोस्टर के साथ दी रिलीज की जानकारी-** कई बार पोस्टपोन होने के बाद अब अंततः 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी दी है। मेकर्स की ओर से एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें पवन कल्याण लाल कुर्ते में हाथों में तलवार लिए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी लिखी है। इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, ÷जीवन भर की लड़ाई के लिए तैयार हो जाइए। 12 जून, 2025 को 'हरि हर वीरा मल्लू' के लिए कैलेंडर को मार्क कर लें। धर्म की लड़ाई शुरू होती है।



### पहले मई में रिलीज होनी थी फिल्म

कृष जगरलामुदी और एएम ज्योति कृष्णा द्वारा निर्देशित, ऐतिहासिक एक्शन-ड्रामा 17वीं शताब्दी के मुगल साम्राज्य पर आधारित है और डाकू वीरा मल्लू के जीवन की कहानी को दिखाती है। इस फिल्म को पहले 9 मई को रिलीज होना था, लेकिन पवन कल्याण की राजनीतिक व्यस्तताओं के चलते फिल्म आगे बढ़ गई। अब शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स ने ये भी हिंट दिया कि जल्द ही फिल्म का ट्रेलर और गाने भी सामने आएंगे।

### बॉबी देओल करेंगे पवन कल्याण का मुकाबला

फिल्म की स्टारकास्ट में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, सत्यराज, निधि अग्रवाल, नरगिस फाखरी, नोरा फतेही, दलीप ताहिल और जिशु सेनगुप्ता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। बॉबी देओल एक बार फिर इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे।



**मेट्रो बाजार**

# कैट ने तुर्किये, अजरबैजान के बहिष्कार का किया आव्हान

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का शुक्रवार को फैसला किया। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तान का 'समर्थन' करने के लिए भारत के कई संगठनों ने इन दोनों देशों का बहिष्कार करने का आ÷ान किया है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की जान गई थी।

कैट के अनुसार, इस निर्णय में तुर्किये और अजरबैजान की वस्तुओं का राष्ट्रव्यापी बहिष्कार शामिल है। इसमें समूचे भारत के व्यापारी इन देशों से आयात रोक देंगे। संगठन ने कहा कि भारतीय निर्यातकों, आयातकों एवं व्यापार प्रतिनिधिमंडलों को तुर्किये और अजरबैजान में स्थित कंपनियों या संस्थानों के साथ किसी भी तरह के जुड़ाव के लिए हतोत्साहित किया जाएगा। व्यापारियों के समूह ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें इन देशों के साथ सभी वाणिज्यिक संबंधों की नीति-स्तरीय समीक्षा का आग्रह किया जाएगा। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ने साथ ही घोषणा की है कि व्यापारी समुदाय तुर्किये और अजरबैजान में फिल्माई गई भारतीय फिल्मों का बहिष्कार करेंगे। इसने कंपनियों को इन दोनों देशों में किसी भी उत्पाद के प्रचार को फिल्माने के खिलाफ भी आगाह किया। कैट द्वारा यहां आयोजित व्यापारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में ये निर्णय लिए गए। इसमें लगभग 24 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



# आम आदमी के लिए राहत भरी खबर रेपो रेट में फिर कटौती की तैयारी

नई दिल्ली। आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक आगामी महीनों में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, जून से दीपावली (20 अक्टूबर) तक रेपो रेट में कुल 0.50 फीसदी की कटौती की संभावना है। इसका सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई पर पड़ेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 4 से 6 जून के बीच होने वाली है, जिसमें 0.25 फीसदी की कटौती लगभग तय मानी जा रही है। इसके बाद 5 से 7 अगस्त या फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाली बैठक में एक और 0.25 फीसदी की कटौती की संभावना है।



**अब तक 0.50 फीसदी की कटौती हो चुकी है-** आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी से दरों में कटौती शुरू की थी और अब तक दो बैठकों में कुल 0.50 फीसदी की कटौती कर रेपो रेट को 6 फीसदी तक ला चुका है। यदि आगामी दो बैठकों में और कटौती होती है, तो यह दर और सस्ती हो जाएगी, जिससे उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

**रेट कट के लिए परिस्थितियां अनुकूल-** एसबीआई सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट सनी अग्रवाल ने कहा कि रेट कट के लिए सभी आर्थिक कारक अनुकूल हैं। महंगाई काबू में है, मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं और जीडीपी स्थिर बनी हुई है। खुदरा महंगाई जुलाई 2019 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में ब्याज दरों में कटौती की पूरी संभावना है।

## बाणगंगा चौराहा पर बेकाबू बस की जांच रिपोर्ट मिली

# नहीं थे ब्रेक फेल, कम लग रहे थे, ढलान में नहीं हो सकी बस नियंत्रित




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा चौराहा पर एक्टिवा सवार युवती सहित आधा दर्जन वाहनों को चपेट में लेने वाली बेकाबू बस की रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हो गई है कि बस के ब्रेक फेल नहीं थी। ब्रेक घिसे हुए थे और खराब हो चुके थे। बस में लोड होने और ढलान होने के कारण बस ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण करना चाहा, लेकिन बस की रफ्तार कम होने की जगह बड़ने लगी थी। प्रयास के बाद भी बस चालक विशाल बैरागी ने बस पर नियंत्रण खो दिया और बस की चपेट में पहली बाइक सवार आए फिर कार को टक्कर मारते हुए सामने खड़ी एक्टिवा सहित अन्य स्कूटर और बाइक को चपेट में लेते हुए बस ड्राइवर विशाल बैरागी निकल गया। बस डिवाइडर में टकराई और कुछ दूरी पर जाकर रुक गई थी। घटना के बाद डर के कारण ड्राइवर विशाल बैरागी और क्लीनर मौके से भाग निकले। सवारियों को भी लगा कि हादसा बड़ा हो गया है तो वह भी यहां वहां हो गए थे। उल्लेखनीय है कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे रोशनपुरा चौराहा की तरफ से आ रही स्कूल बस ने बाणगंगा चौराहा ट्रैफिक सिग्नल से कुछ दूरी पहले एक बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। इसके बाद बस रुकी नहीं और सामने खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मारते हुए सिग्नल पर खड़े वाहनों को चपेट में ले लिया था। इस हादसे में मुल्ला कॉलोनी करोंद निवासी आयशा खान (30) की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोगों को गंभीर चोट आई थी। टीटी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की, लेकिन जांच में गड़बड़ी होने के कारण केस डायरी कमला नगर पुलिस को सौंप दी गई। अब आगे की जांच कमला नगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

## देर रात बिलखिरिया में मुर्गी फार्म के पास हुई दुर्घटना

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पुलिया में गिरी, हादसे में चार घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता बायपास पर मुर्गी फार्म के पास तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे के समय कार में चार युवक सवार थे। करीब पंद्रह फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। कार में सवार चार युवकों को गंभीर चोट आई है। उनका हमीदिया अस्पताल और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि मोहित कलावत पिता रामकुमार कलावत (18) बंजारा बस्ती, बिलखिरिया में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 2 बजे वह अपने दोस्त ॠषि शर्मा, आदित्य तोमर, जतिन के साथ ट्रान्सपोर्ट नगर से बायपास चौराहा की तरफ जा रहे थे। कार ॠषि शर्मा चला रहा था। वह रास्ते में बहुत तेज रफ्तार से कार चलाने लगा। उसे कार धीमी चलाने का कहा, लेकिन उसने कार की रफ्तार कम नहीं की। लिहाजा तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कुक्कुट भवन के पास पुलिया के डिवाइडर से टकरा दी। टकराने के बाद कार उछली और पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में मोहित समेत ॠषि शर्मा, आदित्य जतिन को चोट लगी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि कार ट्रांस्पोर्ट व्यवसायी गुरप्रीत सिंह की है। उनके ऑफिस के पास ॠषि शर्मा रहता है और वहीं उनसे कार मांगकर ले गया था।




### कार हुई क्षतिग्रस्त, अंदर फंसे रहे घायल

कार डिवाइडर से टकराने के बाद करीब पंद्रह फीट पुलिया से नीचे गिरी थी। कार में सवार चारों युवक अंदर से फंस गए। देर रात होने की वजह से कोई राहगीर कार को देख भी नहीं सका। इसी बीच एक युवक ने कार मालिक को कॉल कर बुलाया। थोड़ी देर बाद कार मालिक मौके पर पहुंचे और सभी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया।

### दो पुलिया के बीच जगह से गिरी कार

जिस जगह हादसा हुआ वहां दो पुलिया है। दोनों पुलिया बीच में सात-आठ फीट का गैप है। कार डिवाइडर से टकराने के बाद उछलकर इसी गैप से नीचे गरी थी। नाला सूखा होने की वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि केवल कार ही क्षतिग्रस्त हुई है। इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

## लालबस की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत


**भोपाल।** मंगलवारा इलाके में लालबस में चढने् का प्रयास कर रही एक महिला फिसल कर सड़क पर गिर पड़ी, जिससे बस की चपेट में आकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक नफीसा बी (70) चांदबड़ बजरिया की रहने वाली थी। गुरुवार की सुबह करीब ग्यारह बजे वह भारत टाकीज के पास घर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े होकर साघन का इंतजार कर रही थी।



इसी दौरान एक लालबस आकर रुकी तो नफीसा उसमें चढने् लगी। इस दौरान चालक ने बस को आगे बढ़ दिया, जिससे वह फिसल कर सड़क पर गिर पड़ी। इसी दौरान वह बस के पिछले पहिये की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था, जहां से परिजनों ने छुट्टी कराकर निजी अस्पतल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान देर रात नफीसा ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

### छोटे भाई से मारपीट करने पर समझाइश देने पहुंचा था बड़ा भाई, विवाद के पेट्रोल डाल कर लगा दी थी आग



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित सूरज ढाबा के पास युवक से मारपीट करते हुए उस पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, युवक के छोटे भाई के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी और उससे बाइक की चाबी छीन ली थी। आरोपियों को समझाइश देन पर विवाद बड़ गया और आरोपियों ने पेट्रोल छिड़ककर युवक को आग के हवाले कर दिया था।

पुलिस के अनुसार ग्राम लखापुरा निवासी 27 वर्षीय रवि धनगर पिता चैन सिंह धनगर बैरागढ़ में बर्तन की दूकान में काम करता है। उसने बताया था कि मंगलवार रात करीब 12 बजे वह अपने घर पर था। उसका छोटा भाई आशीष सीहोर से फिल्म देखकर घर आ रहा था। रास्ते में सूरज के ढाबे के पास उसे प्रवीण और सौरभ मिले। दोनों ने उसे शराब के नशे में रोक लिया। उसके साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसकी बाइक की चाबी भी छीन लिया। आशीष ने अपने भाई रवि को कॉल कर घटना बताई। तभी रवि अपने चाचा के बेटे अतुल को लेकर सूरज ढाबा पहुंचे। उन्हें प्रवीण और सौरभ रोड पर खड़े मिले। रवि उनके पास जाकर विवाद के बारे में उनसे बात करने लगा। इसी बीत को लेकर प्रवीण ने अपने हाथ में रखी प्लास्टिक की बोतल में भरा पेट्रोल रवि के ऊपर फेंक दिया। वह भागने लगा। थोड़ी दूर भागकर उसने धरमू भाई को प्रवीण को समझाने के लिए कॉल पर बात करने लगा। उसने प्रवीण को धरमू से बात करने के लिए मोबाइल दिया। उसने बात करने से मना कर दिया। रवि कुछ समझ पाता इससे पहले उसने माचिस की जलती हुई तीली रवि के ऊपर फेंक दी। उसके कपड़े में आग लग गई। उसके भाईयों ने शर्ट उतारकर आग बुझाई। तब तक उसके दोनों हाथ, छाती झुलस गई। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों हाथ जलने के कारण वह अपने बयानों में हस्ताक्षर तक नहीं कर सका था। पुलिस ने एफआईआर में पहले प्रताप का नहीं लिखा था। बाद में उसे भी आरोपी बनाया। पुलिस ने आरोपी प्रवीण मेवाड़ा, प्रताप मेवाड़ा, सौरभ मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से पेट्रोल की बोतल भी जब्त की गई।

# बारहवीं में फेल होने पर छात्रा ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शुक्रवार शाम एक युवती ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही मां ने फांसी के फंदा काटा और उसे अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने बारहवीं की परीक्षा दी थी। दो दिन पहले ही रिजल्ट आया और वह फेल हो गई थी।



एसआई प्रदीम मिश्रा ने बताया कि शिवानी सेन पिता संजय सेन (18) मकान नंबर 206, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ऐशबाग में रहती थी और बारहवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। शुक्रवार शाम वह अपनी मां के साथ घर पर अकेली थी, जबकि पिता और भाई बाहर था। शाम करीब 7 बजे शिवानी ने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मां की नजर पड़ी और उन्होंने शोर मचाते हुए कैची से किसी तरह फंदा काटा और बेटे अमन को कॉल कर बुलाया। इसके बाद मां बेटा उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शिवानी को मृत घाषित कर दिया।

**रिजल्ट आने के बाद से थी गुमशुम :** पुलिस ने शिवानी के भाई अमन से पूछताछ की तो उसने बताया कि दो दिन पहले शिवानी का रिजल्ट आया था। रिजल्ट आने के बाद पता चला कि वह फेल हो गई। यह पता चलते ही वह गुमशुम रहने लगी थी। वह ठीक से खाना भी नहीं खा रही थी।

# मानसिक विक्षिप्त ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित गीतांजलि परिसर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और परिजन उसका इलाज करा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दीपेश सराठे पिता कालूराम सराठे (45) गीतांजलि परिसर कमला नगर में रहता था। उसके पिता कालूराम सराठे ने पुलिस को बताया कि दीपेश का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। गुरुवार रात उसने परिवार के साथ खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो किसी तरह से दरवाजा तोड़ा गया था। इस दौरान उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

## ट्रेन की चपेट में आने से क्रेन ऑपरेट की मौत



इधर छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रासलाखेड़ी में शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय क्रेन ऑपरेटर ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस हादसा या आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है। एसआई शिवकुमार द्विवेदी ने बताया कि लखन यादव पिता रमेश यादव (26) रेलवे ट्रैक के किनारे रासलाखेड़ी, छोला में रहता था। वह गोविंदपुरा में क्रेन ऑपरेटिंग का काम करता था। चार भाईयों में वह सबसे छोटा था और अविवाहित था। शुक्रवार सुबह वह घर से रेलवे ट्रैक पार करते हुए दूसरी ओर जा रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में लखन की मौके पर ही मौत हो गई।

## गुमशुदा युवक की बड़े तालाब में मिली लाश

**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र स्थित बड़े तालाब में शुक्रवार देर रात एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक टीटी नगर थाने के पंचशील नगर से गुम था। परिजन ने 16 मई को उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार विशाल कुशवाह पिता राजेश कुशवाह क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता था। उसकी पत्नी संजना कुशवाह ने बताया कि गुरुवार से ही विशाल लापता था। शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच विशाल ने वीआईपी रोड पर किसी चने वाले के मोबाइल से कॉल कर कहा कि उसने चने खाए हैं। चने वाले को देने उसके पास पैसे नहीं है। पत्नी और परिजन उसे देखने वीआईपी रोड पर पहुंचे तो बाइक नजर आई। गोताखोरों ने विशाल की लाश पानी में देखकर परिजन और पुलिस को सूचना दी थी।

**मेट्रो एंकर** | विश्व हाईपरटेंशन दिवस: आमजन को दिए जरूरी हिदायतें

# हृदय रोग का छिपा दुश्मन है हाइपरटेंशन, समय रहते जांच कराना जरूरी: मनोरिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विश्व हाइपरटेंशन दिवस की पूर्व संध्या पर भोपाल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पंकज मनोरिया और डा. पीसी मनोरिया ने हाईपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप को लेकर लोगों को सतर्क किया और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

इस वर्ष विश्व हाईपरटेंशन दिवस की थीम है कि अपना रक्तचाप सही ढंग से मापिए, नियंत्रित कीजिए और लंबा जीवन जीइए...। डा. मनोरिया ने बताया कि हृदय रोग आज भी मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है, और इसका सबसे बड़ा कारण है हाईपरटेंशन। भारत में करीब 15 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, जिनमें शहरी इलाकों में यह समस्या अधिक देखने को मिल रही है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण तथ्य साझा किया जिसे 50 प्रतिशत नियम कहा जाता है। 50 प्रतिशत लोगों को पता ही नहीं होता कि उन्हें हाईपरटेंशन है। बाकी बचे 50 प्रतिशत में से भी कई लोग नियमित रूप से दवा नहीं लेते या इलाज अधूरा छोड़ देते हैं। डा. मनोरिया ने कहा कि हाईपरटेंशन एक साइलेंट किलर है, लेकिन इसका इलाज आसान और सस्ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि समय पर जांच और नियमित जीवनशैली के ज़रिए इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति को नियमित अंतराल पर बीपी की जांच करानी चाहिए, खासकर यदि परिवार में हृदय रोग का इतिहास हो। डा. मनोरिया ने चेताया कि यदि बीपी पर ध्यान न दिया गया, तो यह हृदय, किडनी, आंखों और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने गलत मीडिया जानकारी से बचने और सही दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। डा. मनीषिया ने बताया कि सामान्य रक्तचाप 120/80 एमएमएचजी होता है।जब बीपी 130/80 एमएमएचजी से ऊपर हो जाता है, तो उसे हाईपरटेंशन माना जाता है।उन्हें यह भी कहा कि जिसकी बीपी जितनी कम होगी, उसका हृदय उतना ही स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जीवनशैली, आनुवंशिक कारण और मानसिक तनाव भी हृदय रोगों के प्रमुख कारक हैं।अंत में डा. मनीषिया ने कहा कि विश्व हाईपरटेंशन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप के खतरे से अवगत कराना और समय पर जांच व इलाज के लिए प्रेरित करना है।

## मायके जा रही पत्नी से पति ने की मारपीट

**भोपाल।** कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर गुरुवार दोपहर तमाशबीनों का उस समय हुजुम उमड़ गया, जब दंपती के बीच विवाद हो गया। मायके जाने की जिद कर रही पत्नी पर पति का इस कदर गुस्सा फूंटा की उसने रेलवे स्टेशन परिसर में पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पति ने पत्नी को पहले बेल्ट से पीटा फिर चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू महिला को हाथ में लगा है। विवाद के बाद महिला ने गोविंदपुरा पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मारपीट और चाकूबाजी का प्रकरण दर्ज लिया है। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार अंजना बघेल पति कुलदीप बघेल (28) मिसरोद में रहती है। मूलत- गंजबासौदा, जिला विदिशा निवासी अंजना ने चार साल पहले कुलदीप से प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। दोनों की तीन साल की बेटी भी है। शादी के कुछ दिन सबकुछ ठीक चला फिर दोनों में विवाद होने लगे। गुरुवार सुबह भी दंपती में विवाद हुआ और अंजना गंजबासौदा के लिए रानी कमला पति स्टेशन पहुंच गई।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा क्र.: WCR/ CRWS/FURN-MLR-25-08

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** स्ट्रिपिंग ऑफ मैकानिकल & इलेक्ट्रिकल आइटम्स एंड सप्लाई एंड फिटमेंट ऑफ ऑल इंटीरियर फर्नीशिंग आइटम्स सच एज पेनेलिंग, सीट एंड बर्थ, पैसेंजर एमिनिटीज आइटम्स सच एज पीयू लेडर, साइनेज, पीवीसी, विंडो, मेन डोर, एंटेरेंस हेंड रेल, एंड बाल डोर, कम्युनिकेशन डोर, वेस्टिब्यूल बेलो कंप्लीट (एलएच, आरएच, टॉप), प्लम्बिंग आइटम्स, एलईडी लाइट्स, माड्यूलरस्विचेज ईटीसी ऑफ एलएचबी कोचेस, **कार्य की लागतः** ₹ 18,66,91,026.34, **निविदा फार्म का मूल्यः** ₹ 0.00, **धरोहर राशिः** ₹ 10,83,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **ऑन लाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः** 19.05.2025/ 02.06.2025 को 16.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः** 02.06.2025 को 16:30 बजे। **नोटः**-निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वैबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/ भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। (हस्ता.)

मुख्य कारखाना प्रबंधक सडिपुका, निशातपुरा, प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया** **कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022